कृष्णा पक्ष, 21 वर्ष, अंक 309, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | रविवार 04 दिसंबर 2022 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

### जय श्रीराम नहीं, जय सियाराम बोलिए: राहुल

## राहुल की भाजपा-संघ को नसीहत

**भोपाल: भारत** जोड़ो यात्रा के दौरान राहुल गांधी के एक बयान पर विवाद छिड़ गया है। उन्होंने भाजपा और संघ को जय सियाराम कहने की नसीहत दी थी और जय श्रीराम और जय सियाराम में फर्क बताया था। अब भाजपा ने उनके बयान पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। शाहनवाज हुसैन ने कहा कि भाजपा को राहुल गांधी के सर्टिफिकेट की जरूरत नहीं है। वे इलेक्शन वाले हिंदू हैं। वहीं, ब्रजेश पाठक ने कहा कि राहुल गांधी नाटक मंडली के नेता हैं। वो कोट के ऊपर जनेऊ पहनते हैं। उनको भारत की संस्कृति के बारे में कुछ नहीं पता है। बस गली-गली दौड़ रहे हैं, क्योंकि जानता ने इनको नकार दिया है। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा मध्य प्रदेश को आगर-मालवा में थी। इस दौरान आगर में एक सभा को संबोधित करते हुए 'जय श्रीराम', 'जय सियाराम' और 'हे राम' के नारों की अपने अंदाज में व्याख्या की। उन्होंने कहा- जय सियाराम' इसका मतलब क्या है? जय सीता और जय राम, मतलब सीता और राम एक ही हैं। इसलिए नारा है जय सियाराम या जय सीताराम। भगवान राम सीता जी की इज्जत के लिए लड़े। हम जयसिया राम कहते हैं और समाज में महिलाओं का सीता की तरह आदर करते हैं। जय श्रीराम, इसमें हम राम भगवान की जय कहते हैं। पंडित जी ने मुझसे कहा कि आप अपनी स्पीच में पूछिए कि भाजपा के लोग जय श्रीराम करते हैं, लेकिन जय सियाराम और हे राम क्यों नहीं करते। संघ और भाजपा के लोग, जिस भावना से भगवान राम ने अपनी जिंदगी जी, उस भावना से जिंदगी नहीं जीते हैं। राम ने किसी के साथ अन्याय नहीं किया। राम ने समाज को जोड़ने का काम किया। राम ने सबको





इज्जत दी। संघ और भाजपा के लोग भगवान राम के जीने के तरीके को नहीं अपनाते। वो सियाराम और सीताराम कर ही नहीं सकते, क्योंकि उनके संगठन में एक महिला नहीं है, तो वो जय सिया राम का संगठन ही नहीं है, उनके संगठन में सीता तो आ ही नहीं सकती, सीता को तो बाहर कर दिया। ये बातें मुझे एक पंडित जी ने सड़क पर कहीं। मैं संघ के लोगों से कहना चाहता हूं कि जय श्रीराम, जय सियाराम और हे राम का प्रयोग कीजिए। सीता जी का अपमान मत कीजिए। गांधी जी हे राम कहते थे। गांधी जी का नारा था हे राम। हे राम का मतलब क्या? हे राम का मतलब राम एक जीने का तरीका था, भगवान राम सिर्फ एक व्यक्ति नहीं थे, एक जिंदगी जीने का तरीका थे, प्यार, भाईचारा, इज्जत, तपस्या, उन्होंने पूरी दुनिया को जीने का तरीका सीखाया।

### राहुल बाबा का ज्ञान, बाबा-बाबा ब्लैक शीप तक ही सीमित

**एमपी** के गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने कहा- राहुल बाबा का ज्ञान, बाबा-बाबा ब्लैक शीप तक ही सीमित है। राम की शुरूआत श्री से ही होती है और श्री जो हैं, वह विष्णु भगवानजी की पत्नी लक्ष्मी और सीता जी के लिए ही इस्तेमाल होता है। जरा खोल कर तो देख लें इतिहास। उधर, यूपी के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने ट्वीट किया- भगवान श्रीराम के अस्तित्व को नकारने वाली कांग्रेस के सांसद राहुल गांधी को जय श्रीराम न सही, भाजपा ने जय सियाराम बोलने के लिए विवश कर दिया है, यह भाजपा की वैचारिक विजय और कांग्रेसी विचारधारा की हार है। अभी आपसे जय श्री राधारानी सरकार की और जय श्रीकृष्ण भी कहलवाना है।

राहुल भारतीय हैं या विदेशी, जानना जरूरी: विज

अंबाला: हरियाणा के गृह मंत्री अनिल विज ने कांग्रेस को आड़े हाथों लिया है। कहा कि हम जय श्री राम भी करते हैं और जय सिया राम भी। ये तो युगों-युगों से कहते आए हैं। राहुल गांधी पता नहीं कहां से हिंदू फिलासफी सीख रहे हैं और कौन इन्हें पढ़ा रहा है। वे (राहुल गांधी) भारतीय है या विदेशी है ये भी जानना जरूरी है। दरअसल, कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने बयान दिया था कि बीजेपी जय श्री राम का नारा देती है, जय सिया राम का नहीं। इस पर गृह मंत्री ने कहा कि राम के नाम से राहुल गांधी को तिल मिलावट होती है। पहले उन्होंने कहा था राम काल्पनिक है, फिर राम सेतु की बात आई तो कहा कि है ही नहीं, जब नासा ने प्रमाणित किया तो चुप हो गए। गृह मंत्री अनिल विज ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा लोगों के दिलों से राम के नाम को निकाले का प्रयास किया।

## 25 साल में आत्मनिर्भर हो जाएगी भारतीय सेना

**नई दिल्ली:** नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार ने शनिवार को बताया कि हमने नौसेना में पहली बार महिलाओं को शामिल किया है। अग्निवीर योजना के तहत 341 महिलाओं की नौसेना में भर्ती हुई है। अगले साल से नौसेना में महिला अधिकारियों को भी शामिल किया जाएगा। अब तक नौसेना में कुल 3 हजार अग्निवीरों को शामिल किया गया है। इस तरह अग्निवीरों का पहला बैच तैयार हो गया है। नौसेना दिवस से एक दिन पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस कर नौसेना चीफ ने यह बाते कहीं। उन्होंने बताया कि अब नौसेना की सभी ब्रांच सभी के लिए खुली रहेंगी। इसके अलावा हम 2023 में सभी शाखाओं में महिला अधिकारियों को शामिल करने पर विचार कर रहे हैं, न कि केवल 7-8 शाखाओं में, जो आज तक सीमित हैं।



**25 साल में आत्मनिर्भर हो जाएगी नौसेना:** नौसेना चीफ ने सरकार को आश्वासन दिया है कि वह 2047 तक 'आत्मनिर्भर' हो जाएगी। उन्होंने कहा कि हम हिंद महासागर क्षेत्र में चीन की गतिविधियों पर नजर बनाए हुए हैं। बीते एक साल में भारत-चीन के बीच बढ़े तनाव के चलते समुद्री सुरक्षा की अहमियत पर काफी महत्वपूर्ण हो गई है।

**अमेरिका से प्रिडेटर ड्रोन खरीदेगा भारत:** उन्होंने बताया कि चीन पर नजर रखने के लिए भारत अमेरिका से प्रिडेटर ड्रोन खरीदने की तैयारी कर रहा है।

3 बिलियन अमेरिकी डॉलर खर्च कर भारत 30 टद-9इ प्रिडेटर ड्रोन खरीदेगा। बता दें कि इन्ही ड्रोन के जरिए हेलफायर मिसाइल को लॉन्च किया गया था। वहीं, अलकायदा के आतंकी अल-जवाहिरी को भी इसी ड्रोन के जरिए मारा गया था।

### दिल्ली: एम्स सर्वर हैकिंग के पीछे चीनी साजिश

**नई दिल्ली:** दिल्ली एम्स सर्वर हैकिंग मामले में एक नया खुलासा हुआ है। हैकिंग की जांच कर रहे अधिकारियो ने चीन की ओर इशारा किया है। बताया गया है कि एम्स के 5 सर्वर हैक किए गए थे। हैकिंग के दौरान पर्सनल डेटा भी लीक हुआ है। ये डेटा डार्क वेब के मेन डोमेन पर भी होने की संभावना है।

## 'ज्यूडिशियरी विधायिका या कार्यपालिका नहीं बन सकती'




**नई दिल्ली:** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग (एनजेएसी) एक्ट को रद्द कर दिया। इसे लेकर संसद में कोई चर्चा नहीं हुई और यह बहुत गंभीर और चौंकाने वाला मामला है। उन्होंने कहा कि ज्यूडिशियरी कभी भी विधायिका या कार्यपालिका नहीं बन सकती है क्योंकि शासन के एक अंग की दूसरे अंग के काम करने के क्षेत्र में किसी भी तरह की घुसपैठ शासन की व्यवस्था को भंग कर सकती है। धनखड़ यहां एल एम सिंघवी स्मृति व्याख्यान में बोल रहे थे। प्रोग्राम में भारत के उखक डी वाई चंद्रचूड़ भी मौजूद थे।

**सत्ता 'हम भारत के लोग' में निहित:** उन्होंने कहा कि सत्ता हमारे संविधान की प्रस्तावना में लिखित हम भारत के लोग वाक्यांश में निहित है। संसद लोगों की इच्छा को दशार्ती है। इसका मतलब है कि शक्ति लोगों में, उनके जनादेश और उनके विवेक में बसती है। उन्होंने बताया कि साल 2015-16 में, संसद एक कांस्टीट्यूशनल अमेंडमेंट बिल से निपट रही थी और रिकॉर्ड के रूप में पूरी लोकसभा ने सर्वसम्मति से वोटिंग की। न कोई अनुपस्थित था और न कोई विरोध किया गया। और अमेंडमेंट पास किया गया। राज्यसभा में यह सभी की सहमति से पास हुआ। हम लोगों ने उनके अध्यादेश को संवैधानिक प्रावधान में बदल दिया। यह न्यायिक नियुक्ति आयोग अधिनियम था। इसे सुप्रीम कोर्ट ने रद्द कर दिया।

## मद्रास के मंदिरों में मोबाइल बैन: हाईकोर्ट

**चेन्नई:** मद्रास हाईकोर्ट ने तमिलनाडु के सभी मंदिरों में मोबाइल फोन बैन कर दिया है। कोर्ट ने कहा कि यह फैसला मंदिरों की शुद्धता और पवित्रता बनाए रखने के लिए लिया गया है। कोर्ट ने यह भी कहा कि लोगों को परेशानी न हो, इसलिए मंदिरों में फोन डिपोजिट करने के लिए लॉकर्स बनाए जाने चाहिए। इस आदेश का पालन हो, इसके लिए मंदिरों में सुरक्षाकर्मी तैनात किए जाएंगे।

**याचिकाकर्ता ने कहा- मोबाइल फोन से लोगों का ध्यान भटकता है:** कोर्ट ने यह



आदेश एक याचिका के जवाब में दिया, जिसमें सुब्रमण्यम स्वामी मंदिर में मोबाइल फोन पर बैन लगाने की मांग की गई थी। याचिकाकर्ता का कहना था कि मोबाइल फोन के चलते लोगों का ध्यान भटकता है और मंदिरों में देवों की फोटो खींचना परंपराओं के खिलाफ है।

### कर्नाटक सरकार ने ठुकराया मुस्लिम स्कूल खोलने का प्रस्ताव

## कर्नाटक: थम नहीं रहा हिजाब विवाद

**बेंगलुरु:** कर्नाटक में हिजाब विवाद थमने का नाम ही नहीं ले रहा है। अब हिजाब पहनकर क्लास लगाने की अनुमति वाले अलग से स्कूल खोलने को लेकर नया मामला सामने आया है। इस मामले में घिरने के बाद सरकार अब बचते हुए नजर आ रही है। लिहाजा, राज्य सरकार ने विभिन्न जिलों में मुस्लिम लड़कियों के लिए 10 स्कूल खोलने के कर्नाटक वक्फ बोर्ड के प्रस्ताव को भी ठुकरा दिया है।

राज्य की वक्फ और धार्मिक मामलों की मंत्री शशिकला जोले ने



मामले से यह कहते हुए किनारा कर लिया कि उन्हें इस प्रस्ताव की कोई जानकारी नहीं है। मुख्यमंत्री बासवराज बोम्मई ने कहा कि सरकार के सामने प्रस्ताव नहीं रखा गया था और वो इस तरह के प्रस्ताव के पक्ष में नहीं हैं। दरअसल, कर्नाटक के तटीय जिले उडुपी में हिजाब विवाद के बाद से मुस्लिम लड़कियों के लिए अलग स्कूल खोलने की तैयारियां चल रही थीं, जहां स्कूल प्रशासन लड़कियों को हिजाब पहनकर स्कूल आने की इजाजत दे। विगत दिनों स्कूल प्रशासन के ड्रेस कोड से संबंधित मामले में सुप्रीम कोर्ट ने दखल देने से भी इनकार कर दिया था। इसके बाद कई मुस्लिम संगठनों ने लड़कियों के लिए अलग स्कूल शुरू करने की मांग करना शुरू कर दिया था।

## आईपीएल में फुटबॉल जैसा प्लेयर सब्स्टीट्यूशन

**नई दिल्ली:** अब फुटबॉल की तरह क्रिकेट में भी प्लेयर सब्स्टीट्यूशन देखने को मिल सकता है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड **आईपीएल** के 16वें सीजन से टैक्टिकल सब्स्टीट्यूशन का कॉनसेप्ट लागू करने की तैयारी में है। बोर्ड ने इसके लिए सभी फ्रेंचाइजी को मैसेज नोट भेजा है। यह नियम लागू होने के बाद एक मैच में एक टीम की ओर से 12 खिलाड़ी खेलते हुए दिखलाई दे सकते हैं। हालांकि, एक पारी में ज्यादा से ज्यादा 10 विकेट ही गिर सकते हैं। बीसीसीआई के मैसेज नोट में बताया गया कि 2023 के सीजन से सब्स्टीट्यूशन रूल लागू



होगा। नए नियम को जल्द ही विस्तार से एक्सप्लेन किया जाएगा। रिपोर्ट्स में बताया जा रहा है कि टैक्टिकल सब्स्टीट्यूशन का नियम वैसा ही होगा जैसा घरेलू टी-20 टूनामेंट सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में अपनाया गया था।

**कैसा होगा सब्स्टीट्यूशन रूल?** टॉस के समय मैच खेल रहीं दोनों टीमों को प्लेइंग इलेवन के साथ 4-4 सब्स्टीट्यूट प्लेयर्स के नाम भी देने होंगे।

## एमपी के लॉ कॉलेज में कट्टरता पढ़ाने का आरोप

**इंदौर:** एमपी के इंदौर में सरकारी लॉ कॉलेज में धार्मिक कट्टरता फैलाने का विवाद बढ़ता जा रहा है। कुछ छात्रों ने एक किताब को लेकर हंगामा किया। छात्रों का आरोप है कि इस किताब में लिखा है- हिंदू मुख्य आतंकवादी हैं। साथ ही विश्व हिंदू परिषद, फ्रर को लेकर आपत्तिजनक बातें लिखी गई हैं। इस मामले में पुलिस ने किताब के लेखक, प्रिंसिपल समेत 4 लोगों पर एफआईआर दर्ज की है। इसके बाद प्रिंसिपल ने इस्तीफा दे दिया है। छात्रों का कहना है कि इस किताब की कई प्रतियां लाइब्रेरी में स्टूडेंट के लिए रखवाई गई हैं। किताब की



लेखिका डॉ. फरहत खान पर भी छात्र संगठनों ने केस दर्ज करने की मांग की थी। हालांकि, यह पता नहीं चला है कि सरकारी कॉलेज की लाइब्रेरी में यह किताब किसकी अनुमति से रखवाई गई। इस मामले में गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने कहा- किताब की 24 घंटे में जांच कर एफआईआर दर्ज करने के निर्देश इंदौर कमिश्नर को दिए हैं।

**4 लोगों पर एफआईआर दर्ज:** इंदौर के सरकारी लॉ कॉलेज किताब मामले में 4 लोगों के खिलाफ भंवरकुआं थाने में एफआईआर दर्ज हुई हैं। किताब के प्रकाशक, लेखक, कॉलेज के प्रिंसिपल और एक शिक्षक पर केस दर्ज किया गया है।

दरअसल लॉ कॉलेज के छात्रों ने भंवरकुआं थाने में एक आवेदन दिया था। इसमें किताब के लेखक, लॉ कॉलेज के प्रिंसिपल और एक शिक्षक पर केस दर्ज करने की मांग की है।

### सोने की कीमत 27 महीनों में सबसे ऊंची

**मुंबई:** सोना एक बार फिर 53,600 रुपए प्रति 10 ग्राम से ऊपर निकल गया। ये करीब 27 महीनों में सोने की सबसे ऊंची कीमत है। इससे पहले 18 अगस्त 2020 को सोना 53,815 रुपए तक गया था। 2021 में इसने कभी 53 हजार का स्तर नहीं छुआ। दरअसल डॉलर में गिरावट के चलते दुनियाभर में सोने की कीमत बढ़ी है। इसका असर भारतीय बाजार में भी देखा जा रहा है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के मुताबिक, शुक्रवार को सोने (24 कैरेट) की कीमत 53,611 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गई।

## उत्तरी लद्दाख में चीन की हरकत, देपसांग में बना लिए 200 शेल्टर

**लद्दाख:** चीनी सेना वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर अपनी घुसपैठ को स्थायी बनाने के लिए फिर से हरकत में है। पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) ने हाल के समय में अक्साई चिन और सियाचिन ग्लेशियर के बीच के सामरिक इलाके में 200 से अधिक नए शेल्टर बनाए हैं। ये शेल्टर वहां मौजूद चीनी सैनिकों को सर्दी में संबल देने के मकसद से बनाए गए हैं। जानकारी के मुताबिक, एलएसी की भारतीय अवधारणा के हिसाब से करीब 15 से 18 किमी भीतर बैठे सैनिकों के लिए पीएलए ने वैसे ही प्री-फ्रेबिकेटेड शेल्टर गाड़े हैं, जैसे सियाचिन ग्लेशियर में भारतीय सेना लगाती रही है। ये शेल्टर तापमान नियंत्रित करते हैं और सैनिक कड़ाके की ठंड में भी डटे रह सकते हैं। इस अतिक्रमण को सहारा और सैनिक साजो-



सामान देने के लिए डेप्थ एरिया में सैन्य अड्डे हैं। वहीं से इन्हें मदद मिल रही है। इनमें से ज्यादातर शिविर अक्टूबर में शी जिनपिंग के तीसरे कार्यकाल के लिए राष्ट्रपति मनोनीत होने के बाद बनाए गए हैं।

**भारतीय सैनिक पेट्रोलिंग नहीं कर पा रहे:** चीनी सेना ने 2020 में लद्दाख के 5 इलाकों में अतिक्रमण किया था, जहां से उसकी वापसी हो चुकी है, लेकिन देपसांग और दमचौक में पुरानी घुसपैठ बरकरार है। देपसांग में चीनी सैनिक मौजूद रहने से भारतीय सेना परंपरागत पैट्रोल प्वाइंट्स 10, 11, 12, 13, 14 तक नहीं जा पा रही है। सीनियर कमांडर स्तर की वार्ता में भारत देपसांग और दमचौक पर आपत्ति दर्ज कराता रहा है। देपसांग में नए शेल्टर बनने से साफ है कि चीनी ढछअ का निकट भविष्य में वहां से हटने का इरादा नहीं है।

**भारत के लिए यह क्षेत्र अहम**

भारत के लिए यह क्षेत्र सामरिक दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण है। यह चीन के कब्जे वाले अक्साई चिन को पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर से जोड़ता है। यहीं से होकर चीन बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव के तहत हाईवे बनाने पर काम कर रहा है। उत्तरी कमान के पूर्व कमांडर रिटायर्ड लेफ्टिनेंट जनरल डीएस हूडा का कहना है।

## राजस्थान: गैंगस्टर राजू ठेहट का दिन-दहाड़े मर्डर

**सीकर:** राजस्थान के कुख्यात गैंगस्टर राजू ठेहट का सीकर में सुबह गैंगवार में मर्डर हो गया। कोचिंग की ड्रेस में पहुंचे बदमाशों ने घर के बाहर खड़े ठेहट पर फायरिंग कर दी। ठेहट को 3 से ज्यादा गोली लगी थी। राजस्थान के पुलिस महानिदेशक उमेश मिश्रा ने बताया कि इस फायरिंग का एक बदमाश ने वीडियो भी बनाया। इधर, लॉरेंस विश्नोई गैंग के गैंगस्टर रोहित गोदारा ने इसकी जिम्मेदारी ली है। हत्याकांड में 5 शार्प शूटर शामिल थे। चार की पहचान कर ली गई है। मिश्रा ने बताया कि बदमाश पंजाब और



हरियाणा बॉर्डर की तरफ जाएंगे। इन बदमाशों के पीछे राजस्थान पुलिस है, पूरे प्रदेश भर में ए श्रेणी की नाकाबंदी कराई गई है। सभी एसएचओ को फील्ड में रहने के आदेश दिए गए हैं। पुलिस ने बताया कि शहर के पिपराली रोड पर ठेहट का घर है। यहां हुई फायरिंग में नागौर के एक व्यक्ति की भी गोली लगने से मौत हुई है।

# बारा तहसील का संपूर्ण समाधान दिवस संपन्न

अखंड भारत संदेश

**बारा।** प्रयागराज जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री की अध्यक्षता में शनिवार को बारा तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी ने लोगों की शिकायतों को सुनते हुए सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को शिकायतों को गुणवत्तापूर्वक एवं समयबद्धता के साथ निस्तारित करने के निर्देश दिये है साथ ही साथ उन्होंने यह भी निर्देशित किया है कि शिकायतों के निस्तारण से शिकायतकर्ता को संतुष्ट भी होना चाहिए। जिलाधिकारी ने कहा कि जन-शिकायतों का निस्तारण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता वाले बिंदुओं में से एक है, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता स्वीकार्य नहीं है।

सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर विक्रमादित्य सिंह व अन्य निवासीगण ग्राम भोडी तहसील बारा के द्वारा बांगला नहर प्रखण्ड द्वितीय जिसमें बवंधर रेगूलेटर से भोडी पम्प हाउस तक सफाई का कार्य चल रहा है, जिसमें ठेकेदार द्वारा अनियमितता बरतने के साथ किनारे-किनारे सफाई कर



किसानों की बगल की जमीन में बनी नाली में मिट्टी डाल रहे है तथा उसको पुनः साफ भी नहीं करा रहे है। शिकायतकताओं के द्वारा नहर की बीच की सफाई न कराये जाने एवं नाली से मिट्टी न हटवायें जाने की शिकायत किए जाने पर जिलाधिकारी ने अधिशाषी अभियंता सिंचाई को स्थलीय निरीक्षण कर नहर की ठीक ढंग से सफाई कराये जाने तथा नाली की सफाई सुनिश्चित कराये जाने का निर्देश दिया है। इसी तरह से शिकायतकर्ता रामकुमार पुत्र मथुरा प्रसाद निवासी ग्राम सेहुड़ा तहसील बारा के द्वारा चकमार्ग पर कुछ लोगों के द्वारा अवैध अतिक्रमण किए जाने की शिकायत पर जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी बारा को जांच कर प्रकरण को निस्तारित कराये जाने का निर्देश दिया है। इसी तरह से गोपाल सिंह निवासी ग्राम जारी ब्लाक जसरा के द्वारा तालाब संख्या 826 खडईया का तालाब की खुदाई जेसीबी मशीन द्वारा कराये जाने और उसकी मिट्टी को बेचने की शिकायत किए जाने पर जिलाधिकारी ने खण्ड विकास अधिकारी जसरा को प्रकरण की जांच करने तथा जांच में शिकायत के सही पाये जाने पर दोषी के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिए है।

इसी तरह से शिकायतकर्ता रोशनलाल निवासी लौंदकला के द्वारा उनकी भूमिधरी पर कुछ लोगो के द्वारा अवैध कब्जा किए जाने की शिकायत पर जिलाधिकारी ने तहसीलदार बारा को प्रकरण की जांच कर निस्तारण किए जाने का निर्देश दिया है। शिकायतकर्ता सरिता पत्नी प्रेमचन्द्र ग्राम ललई विकास खण्ड शंकरगढ़ के द्वारा शादी हो जाने के बाद मां गुलाबी देवी के नाम से बने हुए राशन कार्ड से नाम काटकर नया कार्ड बनाये जाने के लिए निवेदन किए जाने पर जिलाधिकारी ने जिलापूर्ति अधिकारी को प्रकरण की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

सम्पूर्ण समाधान दिवस पर कुल 162 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें राजस्व विभाग की 83, पुलिस विभाग की 18, विकास विभाग की 28 तथा अन्य विभागों की 33 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से 05 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु जिलाधिकारी ने सभी सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को आज ही अपने विभागों से सम्बंधित शिकायती प्रार्थना पत्रों को प्राप्त करते हुए निर्धारित समय सीमा में गुणवत्ता के साथ निस्तारित करने के निर्देश दिये है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन हर्षदेव पाण्डेय, एसपी यमुनापार सौरभ दिक्षित सहित सभी सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।



## मालवाहक गाड़ी में टवेरा टकराई चालक घायल

अखंड भारत संदेश

**सहसों।** सरायइनायत थाना के सहसों पुलिस चौकी अंतर्गत सहसों झूंसी रोड स्थित लाला बाजार के सामने शनिवार को दोपहर में कई गाड़ियां आपस में टकरा गई। जिससे भिड़ंत में एक चालक घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार जबलपुर से टवेरा गाड़ी पर सवार होकर मोहम्मद कलीम का परिवार अपने रिश्तेदार के यहां भदोही जा रहा था। शनिवार को दोपहर टवेरा गाड़ी जैसे ही कसेरुआ कला स्थित लाला बाजार के पास पहुंची कि उसी समय कांदी रोड से मुख्य मार्ग पर आ रही एक माल वाहन गाड़ी से जोरदार टक्कर हो गई। जिससे टवेरा चालक जाबिल के सिर में चोट आने पर वह घायल हो गया। गाड़ी में बैठे और सवारियों को हल्की-फुल्की चोटें आई हैं। दोनों गाड़ियों की टक्कर के बाद माल वाहक गाड़ी की तेल टंकी फट जाने से डीजल सड़क पर फैल गया। पीछे से आ रही एक स्कॉर्पियो गाड़ी तेल की वजह से अनियंत्रित होकर डिवाइडर के ऊपर चढ़ गई। इसके बाद कई बाइक सवार भी गिरना शुरू हो गए। गनीमत अच्छी रही कि किसी को अधिक चोट नहीं आई है।

## चोरी-छिनौति टप्पे बाजी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही

अखंड भारत संदेश

**सिरसा/प्रयागराज।** मेजा थाना क्षेत्र में चोरी-छिनैती टप्पे बाजी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। बेखौब चोर घटना को अंजाम देने में लगे हुए हैं। बता दें कि मेजा थाना क्षेत्र के उरुवा बाजार में लालचंद प्रजापति अपने निजी मकान में किराने की दुकान चलाते हैं। शनिवार सुबह वह दुकान पर मौजूद थे इस दौरान वह बाथरूम के लिए बगल चले गए। तभी मौका देख एक युवक पहुंचा और उनके गल्ले में रखा ?7000 लेकर भागने लगा। जब मौजूद लोगों की निगाहें उस पर पड़ी तो उसे दौड़ा लिया



पकड़ने पर युवक की पिटाई की गई लेकिन वह नाम पता बताने में असमर्थ रहा।

मामले की जानकारी पुलिस को दी गई सूचना पर पहुंची पुलिस आरोपी को गिरफ्तार कर थाने ले गई देखा जाए तो पूर्व में भी इस तरह की कई घटनाएं घटित हो चुकी हैं। वही वारदात को लेकर बाजार में हड़कंप की स्थिति बनी रही।



## अधिवक्ता दिवस आयोजित

अखंड भारत संदेश

**कोरांव।** प्रयागराज।बार एसोसिएशन कोराँव में अधिवक्ता दिवस मनाया गया। उक्त कार्यक्रम में बार एसोसिएशन तहसील कोरांव के अध्यक्ष उमाकांत तिवारी एडवोकेट ,वरिष्ठ अधिवक्ता पीर मोहम्मद, वेद प्रकाश शुक्ला अधिवक्ता, अनिल कुमार मिश्र, अधिवक्ता नीरज पांडे अधिवक्ता,श्री प्रकाश अधिवक्ता, शशि शेखर पांडे अधिवक्ता, रवि यादव अधिवक्ता सुरेश चंद्र यादव अधिवक्ता, अशोक कुमार ओझा अधिवक्ता, सत्यम द्विवेदी एवं यादवेन्द्र अहीर (पूल प्रभारी) आदि अधिवक्ता मौजूद रहे। और अपने अपने विचार व्यक्त किए।

## अन्नदाताओं को संगीनों के साए में समितियों पर बाटी जा रही है डीएपी खाद, किसानों में आक्रोश

अखंड भारत संदेश

**करछना/प्रयागराज।** सरकार की नाकामी के चलते जमुनापार में किसान साधन सहकारी समितियों पर डीएपी खाद की किल्लत से किसानों में सरकार के प्रति भारी आक्रोश पनप रहा है,मानक से कम खाद की आपूर्ति से समितियों पर पुलिस बल के सहारे डीएपी खाद की बिक्री कराई जा रही है, खाद की किल्लत और समितियों पर सुवह से लाइन में शाम तक खड़े किसानों को समय पर डीएपी खाद नहीं मिल पा रही है, जिससे किसानों के खेत से गेहूं की वुवाई का कार्य पिछड़ता जा रहा है डीएपी की समस्या से जूझ रहे क्षेत्र के



किसानों को आवश्यकता और मांग के अनुरूप कृषि व सहकारिता विभाग पर्याप्त मात्रा में डीएपी नहीं उपलब्ध करा पा रहा है। जिससे किसानों को डीएपी लेने के लिए समितियों पर लंबी लाइनों में इंतजार करना पड़ रहा है। बृहस्पतिवार को साधन सहकारी समिति रोकड़ी पथरहिया पुरैनी डीहा साधन सहकारी समितियों में सचिवो की ओर से डीएपी खाद की बिक्री किसानों के आधार कार्ड जमा कर वितरित किया गया। लेकिन खाद की कमी के चलते बहुत से किसान खाली हाथ लौट आए। ब्लॉक करछना की सहकारिता विभाग की सहायक विकास अधिकारी सोनल शुक्ला ने बताया कि 485 मैट्रिक टन डीएपी खाद की मांग सहकारिता विभाग से की गई थी। लेकिन अभी तक 213 मैट्रिक टन डीएपी खाद उपलब्ध हो पाई है। जिससे किसानों की आवश्यकताओं की पूर्ति नहीं हो पा रही है।

## घूरपुर में चोर हुए बेलगाम अब भगोना सिलेंडर भी नही छोड़ रहे

अखंड भारत संदेश

**घूरपुर।** घूरपुर थाना क्षेत्र में चोरों का आतंक दिनो दिन बढ़ता जा रहा है। खाकी वर्दी का खौफ इन चोरों पर तनिक भी नहीं रह गया है जिससे बेलगाम चोर आए दिन पुलिस को खुलेआम चुनौती दे रहे हैं। शुक्रवार रात को चोरों ने एक बार फिर घूरपुर भीटा रोड स्थित एक डेयरी की दुकान का ताला तोड़ भगोना और सिलेंडर पार कर दिए।

सेंधुवार गांव निवासी दिनेश यादव घूरपुर भीटा रोड पर डेयरी का दुकान चलाते हैं। रोजाना की तरह शुक्रवार शाम दुकान में ताला बंद कर घर चले गए। शनिवार की सुबह आपपास के लोगो ने दुकान का ताला टूटा देखा तो दिनेश को सूचना दी। दिनेश दुकान पहुंच देखा तो दुकान से पांच भगोना और तीन सिलेंडर गायब था। थाने में शिकायती पत्र दिया। पुलिस पहुंच पूछताछ की।

**एक सप्ताह पूर्व हुई ट्रैक्टर चोरी का नही पता लगा पाई पुलिस**

एक सप्ताह पूर्व बादलगंज हाईवे स्थित भाजपा नेता रमा कांत विश्वकर्मा के दरवाजे पर खड़ी ट्रैक्टर व इन्ही के पास एक शिक्षक की हुई बाइक चोरी का खुलासा सीसीटीवी फुटेज दिखाने तथा पीड़ितों के द्वारा संभावित चोरों का नाम पता बताने के वाबजूद भी पुलिस के द्वारा संभावित चोरों को पूछताछ के लिए उठा तक न पाना ही पुलिस की निष्क्रियता समझी जा सकती है। यही नहीं दो महीनो के अंदर स्कूलों दुकानों बाइको की हुई चोरी का खुलासा पुलिस नही कर पाई है। जिससे चोरों का हौसला बढ़ता जा रहा है।

## जमीनी विवाद को लेकर घर में घुस कर मारा पीटा गया मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** जमीनी विवाद को लेकर पडोसी घर में घुस कर मारे पीटे भुक्तभोगी ने पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। मिली जानकारी के अनुसार मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम जयसिंह पुर निवासी रघुराज सिंह पुत्र जयपाल सिंह का आरोप है कि जमीनी विवाद को लेकर पडोसी घर में घुस कर मारे पीटे और जान से मारने की धमकी भी दिए। रघूराज सिंह ने मऊआइमा थाने में शिवशंकर सिंह ,बबलू ,पंकज ,मुन्ना ,संजय के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

## निपुण एसेसमेंट टेस्ट में 80% से अधिक छात्रों ने किया प्रतिभाग

### परिषदीय विद्यालयों में ओएमआर शीट पर पहली बार बच्चों ने दी परीक्षा

### कौड़िहार खंड शिक्षाधिकारी ओमप्रकाश मिश्रा ने परीक्षा केंद्रों का किया अवलोकन

अखंड भारत संदेश

**लालगोपालगंज।** बेसिक स्कूलों में शिक्षा ग्रहण कर रहे बच्चों ने पहली बार ओएमआर शीट पर परीक्षा दी। संपूर्ण जनपद के सभी ब्लॉकों में नैट परीक्षा आयोजित हुई। छात्रों के शैक्षिक स्तर का आकलन करने हेतु निपुण एसेसमेंट टेस्ट सुचारू रूप से संपन्न कराई गई है।

प्रयागराज जनपद का कौड़िहार ब्लाक पुपरी 50 में शामिल है। शिक्षा निदेशक एवं परियोजना कार्यालय की ओर से प्रयागराज जनपद में आयोजित होने वाला निपुण एसेसमेंट टेस्ट की तिथि पहले से ही 2 दिसंबर शुक्रवार को तय थी। ब्लॉक के सभी विद्यालयों में टेस्ट कराने के लिए अलग-अलग विद्यालयों के शिक्षक पर्यवेक्षक के रुप में तैनात किए गए थे। छात्रों ने उत्साह पूर्वक परीक्षा में सम्मिलित हुए। कंपोजिट विद्यालय रसूलपुर चांदी में 276 में 258, कंपोजिट



विद्यालय मीखनपुर में 171 में 157, प्राथमिक विद्यालय हथिगहां में 281 में 255, प्राथमिक विद्यालय नवाबगंज द्वितीय में 132 में 126 और पूर्व माध्यमिक विद्यालय नवाबगंज में 113 में 89 छात्र एवं छात्राओं ने प्रतिभाग कर 80% से अधिक बच्चे परीक्षा में सम्मिलित हुए। कौड़िहार खंड शिक्षाधिकारी ओमप्रकाश मिश्रा ने परीक्षा केंद्रों का अवलोकन भी किया। ओएमआर शीट पर पहली बार परिषदीय विद्यालय में छात्रों को परीक्षा देने का अवसर मिलने से उनमें जबरदस्त उत्साह देखा गया। विभाग द्वारा जारी किए गए सरल ऐप पर बच्चों की ओएमआर शीट अपलोड की गई। इस परीक्षा के जरिए निपुण बच्चों का आसानी से आकलन होने की बात बताई जा रही है।



## जसरा में साइकिल सवार अधेड़ डंपर की चपेट में आकर हुआ घायल, हालत गंभीर

अखंड भारत संदेश

**जसरा।प्रयागराज।** जसरा लाइन पर मोहल्ले में एक साइकिल सवार अधेड़ अनियंत्रित होकर डंपर के नीचे गिर गया। डंपर का पहिया अधेड़ के पैर के ऊपर से गुजर गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अधेड़ को घूरपुर पुलिस सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जसरा ले गई। जहां डॉक्टरों ने गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे प्राथमिक उपचार के बाद प्रयागराज के लिए रेफर कर दिया।

शनिवार को दोपहर बाद लगभग साढे चार बजे साइकिल सवार संतोष धुरिया 50 वर्ष पुत्र बब्बू निवासी लाइनपार स्थित प्राइमरी स्कूल की गली के अंदर से साइकिल पर सवार होकर प्रयागराज बांदा राजमार्ग पर जैसे ही आया तो गौहनिया से जसरा की ओर आ रही डंपर के नीचे अनियंत्रित होकर गिर गया। जबकि साइकिल दूसरी ओर गिर गई। डंपर उसके पैरों से गुजर गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत 108 एंबुलेंस को सूचना दी साथ ही पुलिस को भी सूचित किया। संतोष धुरिया आधे घंटे तक सड़क पर घायल अवस्था में पड़ा रहा लेकिन एंबुलेंस नहीं आई। उसके बाद चौकी इंचार्ज गौहनिया ताराचंद ने उसे डायल 112 की जीप से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जसरा पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद शहर के लिए रेफर कर दिया। वहीं दुर्घटना कर भाग रहे डंपर को बाजार के लोगों ने दौड़ाकर पकड़ लिया तथा चालक को पुलिस के हवाले कर दिया।

## पत्रकार का मोबाइल नंबर हैक, की आनलाइन शिकायत

अखंड भारत संदेश

**मेजा रोड।** मेजा के पत्रकार राजेश कुमार का मोबाइल नंबर हैकरों ने हैक कर लिया जिससे विभिन्न नंबरों से फोन आ रहा है। जिससे परेशान उन्होंने क्राइम ब्रांच मे आनलाइन शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है।

मिली जानकारी के अनुसार मेजा के सोरांव गांव निवासी पत्रकार राजेश कुमार ने बताया कि उनके मोबाइल नंबर 9305630400 जिसका आईएमआई नंबर 869329059600794/ 869329059600786 है। जिसको साइबर अपराधियों ने 1 दिसंबर को दोपहर बाद से ही हैक कर लिया है। जिसमें हैकर द्वारा जनपद संहित अन्य नंबरों पर कई एप्स के मैसेज फॉरवर्ड किया जा रहा है। उनके द्वारा अन्य नंबरों पर डाले गए मैसेज के बाद मोबाइल उपभोक्ताओं द्वारा हमारे नंबर पर जानकारी मांगी जाती है जिसके संबंध में मुझे कोई जानकारी नहीं होती है। जबकि उनके द्वारा खबरों के आदान-प्रदान के बाद कोई कार्य नहीं कियाजाता इसलिए ऐसे अनचाही फोन से मुझको परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने क्राइम ब्रांच में ऑनलाइन शिकायत कर कार्यवाही की मांग की है।

## पानी की टंकी के निर्माण के लिए रखा जनरेटर चोरी मुकदमा दर्ज

अखंड भारत संदेश

**मऊआइमा।** पानी की टंकी के निर्माण के लिए रखा जनरेटर अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। ठेकेदार ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम शहबाजपुर में निमार्णाधीन पानी की टंकी के लिए रखा 25 के वी का जनरेटर चोर चोरी कर ले गए। ठेकेदार नितिन मल्होत्रा ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।



## बभनियांव चौकीकला की सड़क जीर्ण-शीर्ण आवागमन बाधित

अखंड भारत संदेश

**जंघई।** बभनियांव से चौकीकला, राजारामपुर होते हुए मीरगंज जाने वाली सड़क दीनदयाल मार्ग पूर्णतः गड्ढे में तब्दील हो चुकी है। आवागमन करने वाले राहगीरों, छात्र छात्राओं, किसानों, व्यापारियों में आक्रोश व्याप्त है। सड़क की मरम्मत हेतु क्षेत्रीय विधायक सांसद, जिला पंचायत सदस्य एवं विभागीय अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं जबकि ग्रामीणों ने कई बार प्रार्थना पत्र दिया परंतु सड़कों की मरम्मत नहीं हो रही जिससे आमजन आक्रोशित में हैं।

## आजादी के अमृत महोत्सव के तहत नगर पंचायत मऊआइमा में चलाया गया सफाई अभियान

अखंड भारत संदेश

**मऊआइमा।** आजादी अमृत महोत्सव के तहत नगर पंचायत मऊआइमा के विभिन्न वार्डों में कूडों के लगे ढेरों को साफ किया गया।

शनिवार को आजादी के अमृत महोत्सव के तहत मऊआइमा नगर पंचायत के आजमपुर पूर्वी और पशिचमी एंव अन्य मोहल्लों में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। जिसमें वर्षों से लगे कूडों के ढेरों को सफाई अभियान के तहत दो टन से अधिक कूडों को हटा कर नष्ट किया गया। बताया गया है कि यह अभियान निरंतर जारी रहेगा। इस अवसर पर लिपिक इकरा सईद ,अशीष कपूर ,मोहम्मद आजम ,कुल्लू, इनायल उल्ला आदि के अलावा तमाम सफाई कर्मचारी मौजूद रहे। तथा मोहल्लों के गणमान्य भी मौजूद थे। नगर पंचायत



कार्यालय द्वारा बताया गया कि यह सफाई अभियान निरंतर जारी रहेगा।

## घर में घुस कर महिला के साथ दुष्कर्म का प्रयास दो पर मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** महिला को घर में अकेला देख कर दो युवक घर में घुस गए और आबरू लूटने की कोशिश करने लगे। महिला के शोर मचाने पर मार पीट कर धमकी देते हुए भाग गए। महिला ने दो के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासिनी एक महिला का आरोप है कि वह घर पर अकेली थी तभी दो युवक घर में घुस आए और उसे पकड कर आबरू लूटने की कोशिश करने लगे।शोर मचाने पर मारे पीटे और कहीं शिकायत पर जान से मारने की धमकी दी। महिला ने गांव के मुनीर उद्दीन और मुख्तार अहमद के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दी है।


# माघ मेले के लिए 11 दिसंबर से होगा भूमि आवंटन

## साधु संतों ,कल्पवासियों को प्रशासन की ओर से मुहैया कराई जाएगी जमीन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** अगले माह जनवरी में संगम तीरे आयोजित होने वाले माघ मेले की तैयारियां तेज हो गई हैं। यहां जमीन समतलीकरण के साथ साथ अब भूमि आवंटन की तैयारी हो रही है।

माघ मेला अधिकारी अरविंद चौहान ने बताया कि साधु-संतों, संस्थाओं व अन्य कल्पवासियों को नियमानुसार भूमि आवंटन किया जाना है और उन्हें सुविधाएं भी मुहैया कराई जाएगी। अलग अलग संस्थाओं के लिए अलग अलग दिन और समय निर्धारित किए गए हैं ताकि किसी तरह का आपसी विवाद न होने पाए। 11 दिसंबर से भूमि आवंटन की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। बता दें कि इस बार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि भूमि आवंटन में किसी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। यदि इसकी शिकायत मिली तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। 11 एवं 12 दिसंबर को दंडी स्वामी नगर, दंडी बाड़ा मार्ग में भूमि का आवंटन किया जाएगा। इसी प्रकार 14 व 15 दिसंबर को खाकचौक, 17 व 18 दिसंबर को आचार्य स्वामी नगर (आचार्य बाड़ा), 19 दिसंबर को संगम लोवर मार्ग, संगम अपर मार्ग एवं सरस्वती मार्ग, महावीर जी मार्ग, 20 दिसंबर को अन्नपूर्णा मार्ग, सेक्टर 1 एवं 2, परेड, शास्त्री गाटा और कबीर नगर, 21 दिसंबर को रामानुज मार्ग, गणपति मार्ग, जीटी मार्ग, अरैल, 22 दिसंबर को तुलसी मार्ग, 23 दिसंबर को त्रिवेणी मार्ग, हरिश्चन्द्र मार्ग, 24 दिसंबर को काली मार्ग, गंगोली शिवाला मार्ग एवं 25 दिसंबर को समुद्रकूप मार्ग एवं इंटरलॉकिंग मार्ग, समयामाई मार्ग एवं अन्य संस्थाओं के लिए भूमि का आवंटन किया जाएगा।



### सामान नहीं लौटाने वालों को नहीं मिलेगी जमीन : मेलाधिकारी

मेलाधिकारी ने कहा है कि सुविधा पर्चियों पाने के लिए पहचानयुक्त फोटो एवं आधार कार्ड प्रस्तुत करना अनिवार्य है। उन्होंने यह भी कहा है कि अपरिहार्य परिस्थितियों में उपरोक्त तिथियों में परिवर्तन किया जा सकता है। जिन संस्थाओं व प्रयागवालों द्वारा विगत वर्ष कुंभ/महाकुंभ व माघ मेला अथवा अन्य किसी वर्षों में टिन, टेण्टेज, फर्नीचर की सुविधायें प्राप्त कर वापस नहीं की गयी है, उन्हें वर्तमान वर्ष में किसी भी प्रकार की भूमि एवं सुविधा देय नहीं होगी। प्रत्येक शिविर धारक को मेले की सम्पूर्ण अवधि (माघी पूर्णिमा) तक शिविर बनाये रखना अपरिहार्य होगा। सुविधा पर्ची, भूमि आवंटन के 02 दिन बाद ही निर्गत की जायेगी।

## अनियत्रित कार ने सड़क किनारे खड़ी बाइक में मारी टक्कर, थाने पर हुआ हंगामा

**अखंड भारत संदेश**

**झूंसी।** नई झूंसी पुरे सूरदास में एक अनियत्रित कार ने सड़क किनारे कड़ी बाइक में टक्कर मार भगा रही थी। लोगो ने कार सवार को पकड़ कर धुन दिया। सूचना पर पहुची पुलिस ने कार सवार के साथ कुछ दुकानदारों को थाने उठा लगाई जिसकी वजह से घण्टो थाने पर हंगामा चला। शनिवार की दोहर बाद एक कार पुरानी जीटी रोड से गुजर रही थी अचानक कार अनियत्रित हो गई और सड़क किनारे खड़ी आजाद नगर निवासी जितेंद्र मिश्रा की बाइक में टक्कर मारते हुए कुछ व्यापारियों के वाहनों में भी ठोकर मार भागने लगी। स्थानीय लोगो ने कार पकड़ा लिया और चालक शान्तिपुरम फाफामऊ निवासी रवि पांडये को पीट दिया। सूचना पर पहुचे झूंसी चौकी इंचार्ज विनोद दिनकर कुछ व्यापारियों के साथ चालक रवि पांडे को थाने उठा लाये। व्यापारियों के पक्ष में कुछ स्थानीय भाजपा नेता थाने पहुच गए और कार चालक के खिलाफ कार्यवाही की मांग करने लगे कार चालक रवि पांडये व जितेंद्र मिश्रा ने पुलिस को तहरीर दी है। चालक का पुलिस मेडिकल करा रही थी।

## मेजा पुलिस ने छेड़खानी के वांछित आरोपी को गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**मेजा रोड।** मेजा पुलिस ने छेड़खानी के वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।बता दें कि पुलिस आयुक्त प्रयागराज के निर्देश पर अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान में कोतवाल मेजा ज्ञानेश्वर मिश्र के नेतृत्व मे दरोगा संजय कुमार ने मुखबिर की सुचना पर मेजा थाने मे पंजीकृत पाक्सो एक्ट के वांछित आरोपी वरुण सिंह पुत्र जगपतिश सिंह निवासी कलवापुर थाना औराई, भदोही को थाना क्षेत्र के धरावल पुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया। कोतवाल ने बताया कि उक्त वांछित आरोपी के खिलाफ मेजा थाने में मुकदमा 709/22 धारा 354बी व 7/8 पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज था। जिसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

# बेथनी कॉन्वेंट स्कूल के प्राइमरी विभाग द्वारा 'वार्षिक खेल दिवस ' का धूमधाम से किया गया आयोजन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** बेथनी कॉन्वेंट स्कूल के प्राइमरी विभाग द्वारा 'वार्षिक खेल दिवस का आयोजन किया गया। इस मौके पर इलाहाबाद विश्वविद्यालय के खेल विभाग के निर्देशक प्रोफेसर हर्ष कुमार को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया` कार्यक्रम स्कूल के विशाल खेल के मैदान में प्रातः 10 बजे प्रारंभ हुआ` अतिथियों के बैठने के लिए एक विशाल मंच का तथा अभिभावकों के बैठने के लिए एक अस्थायी विशाल बैठक का निर्माण किया गया था` विद्यालय की प्रधानाचार्या सिस्टर शमिता द्वारा मुख्य अतिथि प्रोफेसर हर्ष कुमार, विशिष्ट अतिथि कैलाश जी (खंड शिक्षा अधिकारी चाका) ,बेथनी एजुकेशनल सोसाइटी पूर्वी प्रान्त की सहायक प्रांतीय मैनेजर सिस्टर अनीता मोरस, फादर यूजीन मस्करेनस, फादर सेबेस्टियन फ्रांसिस, तथा सभी गणमान्य अतिथियों का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया` छात्रों द्वारा बैंड बजा कर अतिथियों का अभिनंदन किया गया मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण के उपरांत चारों सदनों के छात्रों द्वारा मार्च पास्ट करते हुए झंडे को सलामी दी गयी ` प्रधानाचार्या सिस्टर शमिता द्वारा चारों सदनों के छात्रों को शपथ दिलाई गई और गुब्बारे उड़ाकर छात्रों की प्रगति की उड़ान का संदेश प्रसारित किया गया ` इस अवसर पर उपप्रधानाचार्या सिस्टर बीना , हेड मिस्ट्रेस सिस्टर मारीक्लेयर, सिस्टर सवीना, लोकल मैनेजर सिस्टर जीना , स्पोर्ट शिक्षक दीपक कुमार, मो. साबीर,प्रीति सिंह, रिपसी मेहरोत्रा, साधना गिरी , ऋचा पांडे, आदि शिक्षक उपस्थित रहे` चारों सदनों के छात्रों ने 70 मीटर हर्डल रेस, 200 मीटर हर्डल रेस, 400 मीटर रिले रेस,रैबिट -कैरेट रेस , हौपिग रेस, पिंग पौंग रेस , शेफ रेस , कोइन रेस,मैट रेस जैसे विभिन्न खेलों में एक दूसरे के खिलाफ प्रतिस्पर्धा की ` प्रतिभागियों ने अपने कौशल पूर्ण प्रदर्शन से दर्शकों को चकित कर दिया` मुख्य अतिथि प्रोफेसर हर्ष कुमार ,विशिष्ट अतिथि कैलाश जी एजुकेशन काउंसलर अनीता मोरस तथा प्रधानाचार्या सिस्टर शमिता द्वारा विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया` उन्हें स्मृति चिन्ह, प्रमाण पत्र , स्वर्ण -रजत -कांस्य पदक दिए गये` विजेता टीम( ग्रीन हाउस )और उपविजेता टीम (गोल्ड हाउस) को शील्ड देकर सम्मानित किया गया` तालियों की गड़गड़ाहट के बीच पुरस्कार पाने वाले खिलाड़ी स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर रहे थे` कार्यक्रम के मध्य में विभिन्न प्रकार की ड्रिलों को ( डिजनी वर्ल्ड,चक दे इंडिया, शाका लाका बूम बूम ,खुशी के रंग आदि)प्रस्तुत कर छोटे छोटे बच्चों ने दर्शकों के मन मोह लियो मुख्य अतिथि द्वारा मंच से छात्रों को संबोधित किया गया, जिसमें खेल गतिविधियों को करने के कई फायदे बताएं गये` उन्होंने विद्यालय के अनुशासन, कार्यक्रम, व्यवस्था और ऊजार्वान छात्रों के प्रदर्शन की भूरि भूरि प्रशंसा की।



प्रधानाचार्य ने कार्यक्रम में आये हुए मुख्य अतिथि तथा आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया,साथ ही खेल के महत्व पर चर्चा करते हुए बताया कि शिक्षा के साथ साथ विभिन्न खेलों द्वारा छात्रों का सर्वांगीण विकास होता है` खेल दिवस में छात्रों का भरपूर मनोरंजन होता है , छात्रों का शारीरिक विकास होता है`खेल के माध्यम से सम्मान ,प्रतिष्ठा तथा उन्नति के शिखर पर पहुंचा जा सकता है ,जिसकी शुरूआत इसी उम्र में हो जाती है` छात्रों को स्वावलंबी बनाने में तथा उनके चौमुखी विकास के लिए बेथनी कान्वेंट स्कूल नैनी, प्रयागराज निरन्तर प्रयासरत है` कार्यक्रम का समापन धन्यवाद भाषण और राष्ट्रगान से किया गया ` वार्षिक खेल दिवस बेहद सफल और उद्देश्यपूर्ण रहा।

**आवश्यकता है**

स्नातक स्तर पर कला संकाय के अन्तर्गत बी0ए0 पाठ्यक्रम के मध्यकालीन इतिहास, समाजशास्त्र, गृह विज्ञान, अंग्रेजी साहित्य, हिन्दी साहित्य, संस्कृत, शिक्षाशास्त्र विषयों के एक-एक सहायक आचार्य की आवश्यकता है। शैक्षिक योग्यता, वेतनमान यू0जी0सी0/राज्य वि0वि0 के मानकानुसार देय होगा।

**नोट**–इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त अंकपत्रों/प्रमाण पत्रों के साथ महाविद्यालय के पते पर पंजीकृत डाक/व्यक्तिगत उपस्थित होकर विज्ञापन प्रकाशित के पन्द्रह दिन के अन्दर आवेदन कर सकते हैं। साक्षात्कार हेतु सूचना ई-मेल/दूरभाष के माध्यम से दिया जायेगा।

**प्रबंधक– महावीर सुमित्रा महिला महाविद्यालय, बजहॉ मिश्रान, सैदाबाद हण्डिया, प्रयागराज।**
E-mail : smctalld@gmail.com,
Mob: 8756997161

**कार्यालय ग्राम पंचायत चिलौडा वि. ख. सहसों, प्रयागराज**

पत्रांक : मेमो/निविदा/2022–23 **टेण्डर/ निविदा** दिनांक: 03.12.2022

मनरेगा, पंचम वित्त/15वां वित्त योजना अन्तर्गत निम्नलिखित कार्यो पर बिल ऑफ क्वान्टिटी के अनुसार स्थल पर निर्माण कार्य हेतु सील बन्द निविदा दिनांक 04.12.2022 से 18.12.2022 तक अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में दोपहर 2 बजे आंमत्रित की जाती है तथा उसी दिन सायं 4.30 बजे निविदादाताओं के समक्ष अद्योहस्ताक्षरी द्वारा गठित कमेटी के द्वारा खोला जायेगा। कार्य परियोजना का विवरण निम्नवत है:–

| क्र0 | ग्राम पंचायत | कार्य का नाम | कार्य की माप | अनुमानित लागत | आपूति अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | चिलौडा | खेल मैदान का निर्माण कार्य | 75X65 मीटर | 1084676.00 | 3 माह |
| 2. | चिलौडा | अमृत सरोवर में फिनिशिंग एवं पोस्ट आर.सी.सी. का कार्य | - | 499670.00 | 3 माह |
| 3. | चिलौडा | हैण्डपम्प के मेन स्रोत से तालाब तक इण्टरलाकिंग कार्य | - | 496100.00 | 3 माह |
| 4. | चिलौडा | पंचायत भवन में रंगाई–पुताई व फालसीलिंग का कार्य | - | 294400.00 | 3 माह |
| 5. | चिलौडा | अमृत सरोवर में ओपेन जिम का कार्य | - | 319000.00 | 3 माह |
| 6. | चिलौडा | अमृत सरोवर में ओपेन जिम परिसर में इण्टरलाकिंग कार्य | - | 393000.00 | 3 माह |

**टेण्डर/निविदा की शर्ते**
1. उपरोक्त कार्य हेतु निविदा केवल पंजीकृत द्वारा ही ठेकेदारी का वैद्य प्रमाण पत्र दिखाने पर व प्रमाणित छाया प्रति संलग्न करने पर ही डाला जायेगा। निविदा के साथ पैन कार्ड की छायाप्रति एवं जीएसटी से संबंधित व्यापार कर के पंजीयन की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है।2. टेण्डर/निविदा फार्म का मूल्य 300 रूपया है। निविदा के साथ 100 रूपये का स्टाम्प पेपर संलग्न करना अनिवार्य है। बिल ऑफ क्वान्टिटी निविदा फार्म के साथ उपलब्ध करायी जायेगी एव तदानुसार स्वीकार्य की जायेगी। 3. टेण्डर /निविदा से संबंधित अन्य जानकारियां किसी भी कार्य दिवस के अन्दर अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। 4.टेण्डर/निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अंतिम अधिकार बिना किसी कारण बताये अद्योहस्ताक्षरी को पूर्णतया निहित है।

(ग्राम प्रधान)
ग्राम पंचायत चिलौडा
वि. ख. सहसों, प्रयागराज

ग्रा.पं. वि./ग्रा.वि.अ.
ग्राम पंचायत चिलौडा
वि. ख. सहसों, प्रयागराज।

# नए उचित दर विक्रेता का चयन किए जाने की मांग

## उचित दर विक्रेता अल्हवा की निलंबित चल रही दुकान

**अखंड भारत संदेश**

**कोरांव/प्रयागराज।** भ्रष्ट और गंभीर अनियमितताओं के आरोप में गठित जांच टीम की रिपोर्ट के आधार पर निलंबित उचित दर विक्रेता अल्हवा तहसील कोरांव प्रयागराज की दुकान निरस्त कर ईमानदार नई उचित दर विक्रेता का चयन किए जाने की ग्राम वासियों और कार्ड धारकों ने मांगें की है।

उल्लेखनीय है कि ग्राम पंचायत अल्हवा लाल बहादुर पाल की दुकान उप जिलाधिकारी कोरांव ने गंभीर आरोपों की जांच खंड विकास अधिकारी कोराव एवं क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी कोरांव आदि अधिकारियों की टीम गठित कराकर ग्रामीणों कार्ड धारकों आदि की शिकायत और तहसील मुख्यालय पर प्रदर्शन किए जाने पर गांव में खुले आम जांच होने के पश्चात प्राप्त आख्या और संस्तुति के आधार पर आरोपों की तीन तीन बार आरोप पत्र के जवाब न दिए जाने पर जिलाधिकारी प्रयागराज की अनुमति से निलंबित कर दिया था। और खाद्य सामग्रियों की आपूर्ति ग्राम जमुआ धूंस की दुकान में अटैच कर दिया गया है। इस बाबत ग्राम प्रधान ने भी खुली बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार सक्षम अधिकारियों से कार्यवाही की चिट्ठी लिखी थी। जिस पर कोटेदार के पुत्र पवन पाल ने तरह तरह की धमकियां प्रधान को दी थी जिस पर प्रधान अल्हवा अहद अहमद सिद्दीकी उर्फ शहजादे ने थाना पुलिस कोरांव में प्रथिमिकियां दर्ज कराई है। बता दें कि उक्त कोटेदार अल्हवा पूर्व में भी वर्स दो हजार बारह में भी धारा 3/7 आवस्यक खाद्य वस्तु अधिनियम के तहत थाना कोरांव में मुकद्दमां दर्ज हुआ था और जेल भी गया था। जमानत पर छुटा है। जो आज भी सक्षम न्यायालय में केस चल रहा है। दो तीन बार शिकायतोपरांत नोटिस और चेतावनी के साथ अनुबंध पत्र भी सासन के पक्ष में जब्त किया जा चुका है। फिर भी सुधार नहीं लाया। और कार्ड धारकों का फिंगर पास मशीन पर लगवा लगवा खाद्यान्न न दे कर ब्लैक कर लेता था। इस बाबत सासन स्तर से भी आपूर्ति विभाग के अधिकारियों को उक्त कोटेदार के विरुद्ध कार्यवाही का आदेश निर्गत हुआ था। किंतु अधिकारी सुधार की प्रतीक्षा में थे,इसके बावजूद कोटेदार मनमानी भ्रष्ट्राचार में कमी नहीं की। इस संदर्भ में जन प्रतिनिधियों ने भी नई दुकान के चयन हेतु निर्देशित किया है। और तहसील दिवस में भी कार्ड धारकों ने ग्राम प्रधान कें माध्यम से नई दुकान के चयन की मांग की है। जिस पर एसडीएम ने आपूर्ति विभाग के अधिकारी से पत्रावली तलब की है। इस विषय में खाद्य आपूर्ति अधिकारी कोरांव ने यथा शीघ्र कार्यवाही का आश्वासन दिया है। उधर कोटेदार और उसका पुत्र शिकायत करने वाले कार्ड धारकों को तरह तरह की धमकियां दे रहा है।

**कार्यालय ग्राम पंचायत उलाचू पुर विकासखंड सिराथू जनपद कौशाम्बी**
**निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत उलाचू पुर विकास खण्ड सिराथू जनपद कौशाम्बी में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के अंतर्गत राम सिंह के घर से तालाब तक 190 मीटर पक्का नाला निर्माण का कार्य कराया जाना प्रस्तावित है उपरोक्त कार्य की अनुमानित लागत 08 लाख 05 हजार रुपए प्रस्तावित है उक्त कार्य के लिए पंजीकृत फर्म से निविदा फार्म आमंत्रित है ग्राम पंचायत कार्यालय उलाचू पुर में 04 दिसम्बर 2022 से 12 दिसम्बर 2022 तक पंजीकृत फर्म द्वारा निविदा फार्म जमा किए जा सकते हैं 14 दिसंबर 2022 को 11:00 बजे दिन में सार्वजनिक तरीके से ग्राम पंचायत कार्यालय में निविदा खोला जाएगा निविदा फार्म स्वीकृत अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा।

सोनेलाल
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत उलाचू पुर
वि. ख. सिराथू, कौशाम्बी

लक्ष्मीनारायण मौर्या
पंचायत सचिव
ग्राम पंचायत उलाचू पुर
वि. ख. सिराथू, कौशाम्बी

**कार्यालय ग्राम पंचायत आटा वि. ख. सहसों, प्रयागराज**

पत्रांक : मेमो/निविदा/2022–23 **टेण्डर/ निविदा** दिनांक: 03.12.2022

मनरेगा, पंचम वित्त/15वां वित्त योजना अन्तर्गत निम्नलिखित कार्यो पर बिल ऑफ क्वान्टिटी के अनुसार स्थल पर निर्माण कार्य हेतु सील बन्द निविदा दिनांक 04.12.2022 से 18.12.2022 तक अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में दोपहर 2 बजे आंमत्रित की जाती है तथा उसी दिन सायं 4.30 बजे निविदादाताओं के समक्ष अद्योहस्ताक्षरी द्वारा गठित कमेटी के द्वारा खोला जायेगा। कार्य परियोजना का

| क्र0 | ग्राम पंचायत | कार्य का नाम | कार्य की माप | अनुमानित लागत | आपूति अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | आटा | तालाब खुदाई कार्य गाटा संख्या 113 की खुदाई व सौन्दर्यीकरण | 30 X 30 मीटर | 316000.00 | 3 माह |

**टेण्डर/निविदा की शर्ते**
1. उपरोक्त कार्य हेतु निविदा केवल पंजीकृत द्वारा ही ठेकेदारी का वैद्य प्रमाण पत्र दिखाने पर व प्रमाणित छाया प्रति संलग्न करने पर ही डाला जायेगा। निविदा के साथ पैन कार्ड की छायाप्रति एवं जीएसटी से संबंधित व्यापार कर के पंजीयन की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है।2. टेण्डर/निविदा फार्म का मूल्य 300 रूपया है। निविदा के साथ 100 रूपये का स्टाम्प पेपर संलग्न करना अनिवार्य है। बिल ऑफ क्वान्टिटी निविदा फार्म के साथ उपलब्ध करायी जायेगी एव तदानुसार स्वीकार्य की जायेगी। 3. टेण्डर /निविदा से संबंधित अन्य जानकारियां किसी भी कार्य दिवस के अन्दर अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। 4.टेण्डर/निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अंतिम अधिकार बिना किसी कारण बताये अद्योहस्ताक्षरी को पूर्णतया निहित है।

(ग्राम प्रधान)
ग्राम पंचायत आटा
वि. ख. सहसों, प्रयागराज

ग्रा.पं. वि./ग्रा.वि.अ.
ग्राम पंचायत आटा
वि. ख. सहसों, प्रयागराज।

**कार्यालय ग्राम पंचायत कनौजा खुर्द वि. ख. सहसों, प्रयागराज**

पत्रांक : मेमो/निविदा/2022–23 **टेण्डर/ निविदा** दिनांक: 03.12.2022

मनरेगा, पंचम वित्त/15वां वित्त योजना अन्तर्गत निम्नलिखित कार्यो पर बिल ऑफ क्वान्टिटी के अनुसार स्थल पर निर्माण कार्य हेतु सील बन्द निविदा दिनांक 04.12.2022 से 18.12.2022 तक अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में दोपहर 2 बजे आंमत्रित की जाती है तथा उसी दिन सायं 4.30 बजे निविदादाताओं के समक्ष अद्योहस्ताक्षरी द्वारा गठित कमेटी के द्वारा खोला जायेगा। कार्य परियोजना का विवरण निम्नवत है:–

| क्र0 | ग्राम पंचायत | कार्य का नाम | कार्य की माप | अनुमानित लागत | आपूति अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | कनौजा खुर्द | कनौजा खुर्द में खेल मैदान का निर्माण कार्य गाटा संख्या 198 | 50X10 मीटर | 399662.00 | 3 माह |
| 2. | कनौजा खुर्द | विजय के खेत से लेकर धर्मेन्द्र यादव के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य | 100x3.0 मीटर | 460000.00 | 3 माह |
| 3. | कनौजा खुर्द | पन्ना लाल के घर से लेकर पक्की नाली तक नाली निर्माण कार्य | 50x0.23x0.45 मीटर | 350000.00 | 3 माह |
| 4. | कनौजा खुर्द | पक्की सड़क से लेकर राम अवतार के खेत तक इण्टरलाकिंग कार्य | 100x3.0 मीटर | 460000.00 | 3 माह |
| 5. | कनौजा खुर्द | जमील के घर से मोहम्मद शारिक के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य | 100x3.0 मीटर | 460000.00 | 3 माह |

**टेण्डर/निविदा की शर्ते**
1. उपरोक्त कार्य हेतु निविदा केवल पंजीकृत द्वारा ही ठेकेदारी का वैद्य प्रमाण पत्र दिखाने पर व प्रमाणित छाया प्रति संलग्न करने पर ही डाला जायेगा। निविदा के साथ पैन कार्ड की छायाप्रति एवं जीएसटी से संबंधित व्यापार कर के पंजीयन की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है।2. टेण्डर/निविदा फार्म का मूल्य 300 रूपया है। निविदा के साथ 100 रूपये का स्टाम्प पेपर संलग्न करना अनिवार्य है। बिल ऑफ क्वान्टिटी निविदा फार्म के साथ उपलब्ध करायी जायेगी एव तदानुसार स्वीकार्य की जायेगी। 3. टेण्डर /निविदा से संबंधित अन्य जानकारियां किसी भी कार्य दिवस के अन्दर अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। 4.टेण्डर/निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अंतिम अधिकार बिना किसी कारण बताये अद्योहस्ताक्षरी को पूर्णतया निहित है।

(ग्राम प्रधान)
ग्राम पंचायत चिलौडा
वि. ख. सहसों, प्रयागराज

ग्रा.पं. वि./ग्रा.वि.अ.
ग्राम पंचायत चिलौडा
वि. ख. सहसों, प्रयागराज।

# फरियादियों की छोटी-बड़ी समस्याओं को गम्भीरता से लेकर करें निराकरणः डीएम

## डीएम ने लालगंज तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस पर सुनी शिकायतें

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जन सामान्य की शिकायतों एवं समस्याओं का त्वरित गति के साथ निस्तारण हो सके इस उद्देश्य की पूर्ति के लिये उत्तर प्रदेश सरकार के महत्वपूर्ण कार्यक्रम सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल की अध्यक्षता में तहसील लालगंज में आयोजित किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने दूर-दराज से आये हुये शिकायकताओं की शिकायतों को गम्भीरतापूर्वक सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को जल्द से जल्द शिकायतों के निस्तारण हेतु निर्देशित किया।

लालगंज तहसील सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 245 फरियादी अपनी समस्याओं के निस्तारण हेतु उपस्थित हुये जिनमें से 07 राजस्व विभाग एवं 02 पुलिस विभाग की शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल प्राप्त 245 शिकायतों में से 70 शिकायतें राजस्व विभाग से, पुलिस विभाग से 50, विकास विभाग से 15, समाज कल्याण से 05, शिक्षा विभाग से 2 एवं 103 अन्य विभागों से सम्बन्धित शिकायते प्राप्त हुई। सम्पूर्ण समाधान दिवस में उपजिलाधिकारी लालगंज सौम्य मिश्र सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।



समाधान दिवस पर समस्याएं सुनते जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन के मंशानुरूप सभी सम्बन्धित विभागीय अधिकारी कार्यालय में समय से बैठकर जन समस्याओं को सुने और समय सीमा के अन्तर्गत उनका निराकरण कागज के साथ-साथ धरातल पर भी सुनिश्चित किया जाये। समस्याओं का निराकरण गुणवत्तापूर्ण होना चाहिये ताकि फरियादियों को बार-बार ब्लाक, तहसील व जनपद मुख्यालय का चक्कर न लगाना पड़े। सम्पूर्ण समाधान दिवस में आये हर फरियादियों की छोटी-बड़ी समस्याओं को गम्भीरता से सुना जाये और प्राथमिकता के आधार पर उनका निराकरण भी सुनिश्चित किया जाये, यदि निस्तारण में फजीर्वाड़ा मिला तो निश्चित ही निस्तारण करने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों के खिलाफ कार्यवाही की जायेगी।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने पुलिस विभाग से सम्बन्धित शिकायतों को सुनकर उनके निस्तारण हेतु सम्बन्धित थानाध्यक्षों को निर्देशित किया। उन्होने कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में पुलिस विभाग से सम्बन्धित प्राप्त शिकायतों का निस्तारण समय-सीमा के अन्दर किया जाना सुनिश्चित करें। महिलाओं की शिकायतों को गम्भीरता से सुने तथा उनका गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण भी सुनिश्चित करें। शिकायतकताओं की शिकायतों के निस्तारण में थानाध्यक्ष किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें अन्यथा सम्बन्धित थानाध्यक्ष के विरूद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया ने भी जनसमस्याओं की शिकायतों को सुनकर अधिकारियां को यथाशीघ्र निस्तारण हेतु निर्देशित किया।



बैठक में बोलते नि0 जिलाध्यक्ष छविनाथ यादव।

# नगर निकाय चुनाव को लेकर सपाईयों ने की बैठक

## कार्यकताओं को दी गई जिम्मेदारी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** समाजवादी पार्टी कार्यालय मीराभवन पर शनिवार को मासिक बैठक संपन्न हुई। बैठक का मुख्य एजेंडा आगामी नगर निकाय चुनाव पर चर्चा की गयी। बैठक की अध्यक्षता नि.जिलाध्यक्ष छविनाथ यादव व संचालन नि.जिलामहासचिव अब्दुल कादिर जिलानी ने किया।

बैठक को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि आगामी नगर निकाय चुनाव में सभी समाजवादी साथियों को एकजुट होकर क्षेत्र में अभी से जनता के बीच में जाकर समाजवादी विचारधारा को बताते हुए समाजवादी सरकार में किये गये कार्यों को भी बताना होगा जिससे समाजवादी पार्टी के चयनित प्रत्याशी को जिताकर समाजवादी पार्टी को मजबूत कर सकें। और नगर पालिका वह नगर पंचायत में सम्पूर्ण विकास हो सके। आमजन मानस को सुख सुविधा उपलब्ध कराया जा सके। इस अवसर पर पट्टी विधायक रामसिंह पटेल, गुलफाम खां, भईयाराम पटेल, प्यारेलाल खैरा, जगदीश मौर्या, पप्पू यादव, आशुतोष पाण्डेय, इरफान खान, नरेंद्र पाल, अश्वनी सोनी, विनय सिंह, संतोष यादव, महिमा गुप्ता, निसार अहमद, मो. अफसर, सत्यदेव तिवारी, कमलेश पटेल, दीनानाथ सरोज, राजेश बरनवाल, अजय मौर्या, उमेश चन्द्र पाल, अहमद अली, सफात अहमद, हरीश शुक्ला, सिराजुल हक, वकार अहमद, पूर्व मीडिया प्रभारी मनीष पाल सहित अन्य नेतागण उपस्थित रहे।

# सड़क हादसे में मामा की मौत, भांजा बुरी तरीके से जख्मी

## बारात में शामिल होकर घर लौट रहे मामा-भांजा

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** दोस्त की बारात में अपने भांजे के साथ गए मामा की रास्ते में लौटते समय अनियंत्रित तेज बाइक पेड़ से टकराने से मौत हो गई। वहीं भांजा बुरी तरीके से जख्मी हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं भांजा जिंदगी और मौत से जंग लड़ रहा है। युवक की मौत के बाद परिजनों में हाहाकार मच गया।

पट्टी तहसील क्षेत्र के कंधई थाना अंतर्गत बिजहरा गांव के रहने वाले सूर्य नारायण यादव के दो बेटों में छोटा बेटा दिग्विजय यादव (24) प्रयागराज में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा था। शुक्रवार को प्रयागराज से अपने एक मित्र के शादी समारोह में शामिल होने के लिए पट्टी तहसील क्षेत्र के आसपुर देवसरा थाना अंतर्गत महुली गांव में अपने भांजे विशाल के साथ बाइक से गया था। देर रात वह अपने भांजे के साथ घर वापस लौट रहा था। आसपुर देवसरा थाना से कुछ दूर स्थित धौराहरा मोड़ के पास उसकी तेज अनियंत्रित बाइक एक पेड़ से टकरा गई जिससे वह दोनों जख्मी होकर सड़क के किनारे झाड़ियों में जा गिरे। दिग्विजय की मौके पर अधिक चोट लगने के कारण मौत हो गई तो वही विशाल भी बेहोश हो गया। सुबह होने पर विशाल को जब होश आया तो फोन से परिजनों को सूचना दिया सूचना मिलने पर पुलिस भी पहुंची तब तक दिग्विजय की मौत हो चुकी थी। और विशाल को परिजन अस्पताल में गंभीर दशा में भर्ती कराया।

### दो भाई दो बहनों में सबसे छोटा था दिग्विजय

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** सूर्यनारायण घर पर रहकर खेती किसानी का काम करते हैं। दिग्विजय को पढ़ाने लिखाने के लिए प्रयागराज में भेज दिए। अपने दोस्त की शादी में शामिल होने के लिए आए दिग्विजय की मौत के बाद सूर्यनारायण तथा उनके दो बहनें बदहवास हो गई। बड़ा भाई मुंबई में रहकर कमाई करता है। दिग्विजय की मौत के बाद गांव में मातम का माहौल पसरा हुआ है।

## कल से वितरित होगा खाद्यान्न

**प्रतापगढ़।** जिला पूर्ति अधिकारी बताया है कि माह अक्टूबर 2022 के सापेक्ष राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के अन्तर्गत अन्त्योदय व पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को 05 दिसम्बर से 14 दिसम्बर तक आवश्यक वस्तुओं का वितरण ई-पॉस मशींन के माध्यम से उचित दर विक्रेताओं द्वारा किया जायेगा। इस अवधि में अन्त्योदय कार्डधारकों को प्रतिकार्ड 14 किग्रा0 गेहूँ व 21 किग्रा0 चावल एवं पात्र गृहस्थी कार्डधारक को प्रति यूनिट 02 किग्रा0 गेहूँ व 03 किग्रा0 चावल (गेहूँ 2 रुपए प्रति किग्रा0 तथा चावल 3 रुपए प्रति किग्रा0 की दर से) वितरण किया जायेगा। आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से खाद्यान्न प्राप्त न होने की स्थिति में कार्डधारक मोबाइल ओ0टी0पी0 वेरीफिकेशन के माध्यम से वितरण की अन्तिम तिथि अर्थात 14 दिसम्बर 2022 को खाद्यान्न प्राप्त कर सकेगें। खाद्यान्न के वितरण में पोर्टेबिलिटी ट्रान्जेक्शन की सुविधा उपलब्ध रहेगी। विक्रेता अपने उपलब्ध स्टॉक की सीमा तक पोर्टेबिलिटी ट्रोन्जेक्शन कर सकेंगे।

# 75 घंटे के अभियान में शहर के तीन स्थान हुए कूड़ामुक्त

## नगर पालिका ने सफाई किये गये स्थानों पर गमला रखकर दिया संदेश

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** आजादी की 75वीं वर्षगांठ पर शासन द्वारा 75 जिला 75 घंटे 750 नगर निकाय में होने वाले कूड़ा मुक्त शहर के कार्यक्रम में बेल्हा की नगर पालिका द्वारा स्वच्छ भारत मिषन द्वारा शहर के तीन स्थानों को चिन्हित कर इसे कूड़ा मुक्त कर वहां गमले रखकर नगर पालिका ने यह संदेष दिया कि गंदे से गंदे स्थान को साफ-सुथरा किया जा सकता है।

इसके लिये नगर पालिका ने आठ-आठ घंटे की ड्यूटी लगाकर नगर पालिका के सफाई कर्मियों से दिन रात कार्य कराकर इस अभियान में तीन स्थानों पर कूड़ा मुक्त करने में सफलता पाई। यह जानकारी देते हुए नगर पालिका के सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि इस अभियान की शुरूआत नगर पालिकाध्यक्षा प्रेमलता सिंह ने सगरा ढलाई पर तीन दिन पहले शुरूआत की थी। इन तीन स्थानों में सबसे ज्यादा दिक्कत लोहिया पार्क के पीछे मोटर वाहनों के जमाव से एकत्र कूडे.को हटाना था। यहां गाड़ियों को हटवाकर इसकी विधिवत सफाई कर इसे मुक्त कराया गया। इसके अलावा जोगापुर में टाटा मोटर्स के पास डम्प कूड़ा तथा सगरा ढलान पर एकत्र गंदगी को हटाया गया। नगर पालिका के सफाई कर्मचारियों के दिन रात कार्य करने से बहुत दिनों से जमे कूडे.की समस्या का निदान हुआ है। ईओ मुदित सिंह ने यह भी कहा कि कहीं भी कूड़ा एकत्र हो, इसकी जानकारी नगर पालिका को दी जाए। नागरिक कूडे.को कूडेद्रान में ही डालें, इधर-उधर न फेंकें। 75 घंटे के इस अभियान में सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह, स्वच्छ भारत मिषन के वरुण कुमार सिंह, आरआई लाल बहादुर सिंह व राजेष बिंद, सफाई प्रभारी प्रषांत सिंह आदि रहे। इस अभियान में नगर पालिका ने जेसीबी स्क्रिप्ट लोडर का प्रयोग किया जिससे समस्या का आसानी से समाधान किया जा सका।



सफाई स्थल पर गमला रखकर सफाई का संदेश देते नगर पालिका कर्मी।

# कुर्सी दौड़ में अरविन्द व जलेबी दौड़ में लकी रहे अव्वल

## अन्तर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन सशक्तिकरण दिवस पर हुए आयोजन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** अन्तर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन सशक्तिकरण दिवस के अवसर पर एस0डी0एम0 सदर शैलेंद्र कुमार वर्मा ने प्रभात फेरी को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। इस दौरान प्रतापगढ़ स्टेडियम में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

दीप प्रज्वलन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेंद्र सिंह ने किया। कुर्सी दौड़ में अरविंद प्रथम, आविका द्वितीय, सागर तृतीय, जलेबी दौड़ में लकी प्रथम, ज्ञानचंद्र द्वितीय, हिमेश तृतीय, रस्साकसी में मुकेश प्रथम, गौरव द्वितीय, हिमेश तृतीय स्थान पर रहे। इसी प्रकार सुलेख प्रतियोगिता, छूकर पहचानो, माला मेकिंग, रंगोली, मेहंदी प्रतियोगिता, कला प्रतियोगिता, फुटबाल, योग डांस, राधा कृष्ण गीत, भजन, देश भक्तिगीत आयोजित हुए। दिव्याग बच्चों के अंदर छिपी प्रतिभा को देखकर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बच्चों की भूरि भूरि प्रसंशा की। सहायक वित्त एवं लेखाधिकारी दीपक कुमार पांडेय ने पुरस्कार वितरित कर बच्चों का उत्साहवर्धन किया। प्रथम आने वाले बच्चों को टिफिन, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को पेंसिल बॉक्स, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को एजुकेशनल किट शेष समस्त बच्चों को सांत्वना पुरस्कार के रूप में बॉक्स वितरित किया गया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा समस्त विशेष शिक्षकों को मोमेंटो वितरित किया गया। जिला समन्वयक समेकित शिक्षा शालिनी मिश्रा ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। रामकुमार, सुशील सिंह, मंजू सिंह द्वारा कार्यक्रम में समस्त खेलकूद एवम सांस्कृतिक कार्यक्रम में सहयोग प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन विशेष शिक्षक हिमांशु मिश्रा,रामसूरत यादव ने किया।



प्रतियोगिता का फीता काटकर उद्घाटन करते बीएसए भूपेन्द्र सिंह।

## ऊँचाहार एक्सप्रेस ट्रेन के बन्द होने से यात्रियों को हो रही परेशानी

**परियावां, प्रतापगढ़।** प्रयागराज लखनऊ रेलवे ट्रैक से परियावां कालाकांकर रेलवे स्टेशन से सुबह व शाम को आने व जाने वाली ऊँचाहार एक्सप्रेस ट्रेन 12417 अप व 14218 डाउन ट्रेन के 1 फरवरी 23 तक रेल विभाग द्वारा शीत लहर को देखते हुए 3 माह के लिए निरस्त कर दिया है जिसके चलते परियावां कालाकांकर रेलवे स्टेशन से आने व जाने वाले यात्रियों को कानपुर सेंट्रल व दिल्ली चंडीगढ़ के लिए बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि परियावां कालाकांकर रेलवे स्टेशन से गुजरने वाली प्रयागराज कानपुर इंटर सिटी एक्सप्रेस ट्रेन का स्टापेज न होने के कारण कानपुर व उससे आगे का सफर करने वाले यात्रियों के लिए मुसीबत का सामना करना पड़ रहा है।

# रंजीतपुर चिलबिला को नगर पालिका में शामिल करने का दिया ज्ञापन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** रंजीतपुर चिलबिला ग्राम सभा के भोरई का पुरवा व महुली के सैकड़ों लोगों ने जिलाधिकारी को एक ज्ञापन भेजकर नगर पालिका में सम्मिलित करने की माग की है।

बताया जाता है कि नगर पालिका के सीमा विस्तार में प्रार्थीगणों के गांव नगर पालिका क्षेत्र में शामिल थे और ग्रामीणों के मृत्यु व जन्म प्रमाा पत्र बनते रहे और उक्त ग्राम प्रधान का चुनाव नहीं कराया गया। ऐसे प्रार्थीगणों को नगर पालिका में सम्मिलित किया जाए क्योंकि वह अब न तो ग्राम सभा रह गये हैं। ऐसे में नगर पालिका में शामिल किया जाना जरुरी है। ग्रामीणों ने यह भी मांग किया कि या तो उन्हें नगर पालिका से जोड़ा जाए या ग्राम सभा का चुनाव कराया जाए। आज ग्रामीणों के साथ पूर्व ब्लाक प्रमुख विनय सिंह भी ज्ञापन देने आये थे।



जिलाधिकारी को ज्ञापन देने जाते पूर्व ब्लाक प्रमुख व ग्रामीण।

## गेस्ट हाउस से चोरों ने उड़ाई बाइक

**परियावां, प्रतापगढ़।** प्रयागराज लखनऊ नेशनल हाइवे से जुड़ा नबाबगंज थाना क्षेत्र के एक गेस्ट हाउस से चोरो ने बारात के समय खड़ी बाइक को गायब कर दिया। बाइक गायब देख बारातियों में हड़कम्प मच गया। मालूम हो कि शुक्रवार की बीती रात थाना क्षेत्र के अस्थान गाँव निवासी चेतन पांडेय अपने रिश्तेदार की लड़की की शादी में आलापुर झम्मा नगर में एक गेस्ट हाउस के कैम्पस में बाइक खड़ी कर दिया। वापस लौटने पर लगभग 9 बजे बाहर खड़ी मोटरसाइकिल यू0पी0 72 बी डी 9015 गायब थी जिसकी काफी खोज बीन किया, लेकिन बाइक का पता नही चल सका। पीड़ित गाड़ी मालिक ने घटना की तहरीर थाना प्रभारी को दी है।

# हेमवती नंदन बहुगुणा कालेज में बीएड चतुर्थ सेमेस्टर परीक्षा सम्पन्न

## तीन छात्रों ने छोड़ी परीक्षा

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** हेमवती नंदन बहुगुणा पी जी कालेज लालगंज प्रतापगढ़ में चल रही परीक्षा के पंचम दिन कालेज प्रशासन की सख्ती के कारण सकुशल सम्पन्न हो गई। बताते चलें कि विश्वविद्यालय द्वारा हेमवती नंदन बहुगुणा पी जी कालेज लालगंज केंद्र पर 7 कालेजों का सेंटर बनाया गया है। सेंटरों में सरस्वती पी जी कालेज, भागवत दत्त पी जी कालेज, जयराज कुंवरि पी जी कालेज, विद्या धर पी जी कालेज, रामआसरे शुक्ल पी जी कालेज, सावित्री बालिका पी जी कालेज, गिरी महाविद्यालय कुंडा को सेंटर बनाया गया है। केंद्राध्यक्ष प्रो शैलेन्द्र कुमार मिश्र परीक्षा दौरान पूर्ण रूप से सक्रिय दिखे। कालेज गेट सघन तलासी से लेकर कमरों तक की तलाशी में पूर्ण भूमिका अदा किये। सख्ती के चलते आज कोई रिस्टिकेशन नही हुआ। विश्वविद्यालय की विश्वसनीयता को कालेज प्रशासन बनाये रखने में समर्थ है। आंतरिक उड़ाका दल प्रभारी-डॉ राजेन्द्र मिश्र अपनी टीम के साथ पूरी परीक्षा के दौरान मुस्तेद दिखे। आज प्रथम पाली की परीक्षा में 633 छात्र पंजीकृत थे, 630 छात्रों ने परीक्षा दी, तीन छात्र डर से परीक्षा छोड़ दिये। उक्त सूचना कालेज जनसूचनाधिकारी डॉ फणीन्द्र मिश्र हेमवती नंदन बहुगुणा पी जी कालेज लालगंज ने दी।



परीक्षा केन्द्र का निरीक्षण करते केन्द्राध्यक्ष प्रो0 शैलेन्द्र कुमार मिश्र।

# एमडीपीजी कालेज में सम्पन्न हुई इग्नू की परीक्षा

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय की दिसम्बर सत्र 2022 की परीक्षाएँ प्रारम्भ हो गयी। यह जानकारी देते हुए इग्नू प्रतापगढ़ के समन्वयक डॉ अभिषेक सिंह ने बताया कि इग्नू के विभिन्न कोर्स की सत्रांत परीक्षा एम॰डी॰पी॰जी॰ कालेज स्थित इग्नू अध्ययन केंद्र प्रतापगढ़ में सम्पन्न कराई जा रही है। आज बी ए जी प्रोग्राम एवं बीएससी होटल मैनेजमेंट की परीक्षाएं संपन्न हुईं। परीक्षा में जौनपुर, अमेठी एवं सुल्तानपुर जनपदों के परीक्षार्थी शामिल हुए। परीक्षाएँ 2 दिसम्बर से 9 जनवरी तक सम्पन्न होंगी। परीक्षार्थियों को परीक्षा में इग्नू द्वारा जारी हाल टिकट, इग्नू से प्राप्त पहचान पत्र अथवा कोई भी अधिकृत पहचान पत्र भी ले आना अनिवार्य होगा। इग्नू पूर्वांचल प्रांत के क्षेत्रीय निदेशक डा यू॰ एन॰ त्रिपाठी ने दूरभाष पर केंद्र के समन्वयक से वार्ता कर परीक्षा की मॉनिटरिंग की। एमडीपीजी के जन सूचना अधिकारी डॉ सी एन पांडे ने बताया कि प्रतापगढ़, जौनपुर, अमेठी और सुल्तानपुर जनपदों के इग्नू के सभी छात्र-छात्राओं की परीक्षा एमडीपीजी केंद्र पर ही होगी। प्रथम पाली की परीक्षा प्रातः 10 बजे से 1 बजे तक तथा द्वितीय पाली की परीक्षा 2 बजे से 5 बजे तक होगी।



एमडीपीजी कालेज में इग्नू की परीक्षा देते परीक्षार्थी।

# जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने तहसील मंझनपुर में सुनी जनशिकायतें

## शिकायतों के निस्तारण में गुणवत्ता अवश्य सुनिश्चित करने के निर्देश

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी सुजीत कुमार एवं पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने तहसील मंझनपुर में आमजन की समस्याओं को सुना एवं सम्बन्धित अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण व समयान्तर्गत निस्तारित करने के निर्देश दियें। जिलाधिकारी ने राजस्व से सम्बन्धित शिकायतों पर राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम को मौके पर जाकर समस्या को निस्तारित करने के निर्देश दिये। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस एवं



हसील दिवस में जन समस्याएं सुनते डीएमएसपी।

आई0जी0आर0एस0 के तहत प्राप्त शिकायतों को समयान्तर्गत निस्तारित किया जाय। इसके साथ ही उन्होंने शिकायतों के निस्तारण में गुणवत्ता अवश्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 21 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 04 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। समाधान दिवस में शिकायतकर्ता राजेश कुमार निवासी ग्राम-अड़हरा द्वारा प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया गया कि उनकी भूमिधरी पर गांव के ही दबंग व्यक्ति द्वारा जबरन कब्जा कर मकान का निर्माण कराया जा रहा है, जिस पर जिलाधिकारी ने तहसीलदार को जॉच कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दियें। इसी प्रकार शिकायतकर्ता मनोज कुमार, निवासी ग्राम-बसुहार द्वारा अवगत कराया गया कि उनका खतौनी में नाम गलत दर्ज है, जिस पर जिलाधिकारी ने तहसीलदार को जॉच कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दियें। सम्पूर्ण समाधान दिवस में तहसील सिराथू में कुल 50 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 05 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया तथा तसहील चायल में कुल 23 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 04 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोरा त्रिवेदी, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 सुष्पेन्द्र कुमार, उप जिलाधिकारी श्री प्रखर उत्तम एवं क्षेत्राधिकारी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

# अन्तर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस पर दिव्यांग खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का हुआ आयोजन

## मुख्य विकास अधिकारी ने विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र वितरित किया

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** अन्तर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर स्पोर्ट्स स्टेडियम, टेंवा में बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा दिव्यांग खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, कार्यक्रम में जनपद के समस्त ब्लॉकों के दिव्यांग छात्र एवं छात्राओं ने प्रतिभाग किया। मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी ने दिव्यांग छात्र-छात्राओं को हर सम्भव मदद उपलब्ध कराने तथा उनकी प्रतिभा की सराहना की तथा विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र वितरित किया।

कार्यक्रम में चित्रकला, गोली चम्मच रेस, थ्री लेग रेस, 100 मीटर दौड़, धागा मोती छूकर पहचानों, कुर्सी दौड़ एवं जलेबी दौड़ सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 100 मीटर दौड़ (वैशाखी/ट्राई साइकिल) की प्रतियोगिता में बालक वर्ग में प्रवेश प्रथम अजय द्वितीय एवं प्रकाश तृतीय स्थान पर रहें। इसी प्रकार बालिका वर्ग में मनीषा-प्रथम,मोनिका-द्वितीय एवं सुनीता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 50 मीटर दौड़ (कैलिपर/स्क्रॉलिंग) की प्रतियोगिता में बालक वर्ग में श्रवण कुमार प्रथम, अखिलेश द्वितीय एवं फैजान तृतीय स्थान पर रहें तथा बालिका वर्ग में रूचि प्रथम, रिया द्वितीय व रिंकी तृतीय स्थान पर रहीं। रस्सा कसी बालक वर्ग की प्रतियोगिता में रितेश प्रथम, सुरेश द्वितीय व शिवम तृतीय स्थान पर रहें। रंगोली बालिका वर्ग की प्रतियोगिता में रानो प्रथम, मोनिका द्वितीय एवं वन्दना तृतीय स्थान पर रहीं। फैन्सी डेज्स प्रतियोगिता में फैजान प्रथम, महिमा द्वितीय एवं मो0 कैब तृतीय स्थान पर रहें। जलेबी दौड़ प्रतियोगिता में अभिषेक प्रथम, कोमल द्वितीय एवं शिप्रा तृतीय स्थान पर रहीं। कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता के बालक वर्ग में कुलदीप प्रथम, रितेश द्वितीय एवं छुट्टा तृतीय स्थान पर रहें। 100 मीटर दौड़ की प्रतियोगिता में रावेन्द्र प्रथम, नीरज द्वितीय व विकास तृतीय स्थान पर रहें। चित्रकला प्रतियोगिता में प्रीती प्रथम, महिमा द्वितीय स्थान पर रहीं। चम्मच गोली रेस प्रतियोगिता में कार्तिक प्रथम, सुमित द्वितीय एवं मो0 काशिम तृतीय स्थान पर रहें इस अवसर पर जिला क्रीडा अधिकारी रूस्तम खॉ, जिला बेसिक शिक्षाधिकारी प्रकाश सिंह एवं अध्यक्ष जिला ओलम्पिक संघ कौशाम्बी अरूण केसरवानी सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहें।

# 04 दिसम्बर को समस्त मतदान केन्द्रों पर दावे/आपत्तियॉ प्राप्त की जायेगी

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने जनपद के समस्त अर्ह मतदाताओं को सूचित किया है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रमानुसार अर्हता तिथि 01.01.2023 के आधार पर विधानसभाग निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के लिए दावे/आपत्तियॉ दिनांक 09.11.2022 से 08.12.2022 तक प्राप्त की जायेगी। दिनांक 04 दिसम्बर 2022 विशेष अभियान की अन्तिम तिथि है, जिसमें जनपद के समस्त मतदान केंद्रों पर पदाभिहित अधिकारी/सुपरवाइजर एवं बूथ लेविल अधिकारी अनिवार्य रूप से उपस्थित रहकर दावे/आपत्तियॉ प्राप्त करेंगे। उन्होंने बताया है कि जनपद स्तरीय अधिकारियों द्वारा समस्त मतदान केन्द्रों का भ्रमण किया जायेंगा, भ्रमण के दौरान अनुपस्थित पाये जाने वाले कर्मचारियों के विरूद्ध विधिक कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने जनपद के समस्त मा0प्राप्त राजनैतिक दलों से बूथ लेबिल एजेण्ट के माध्यम से एवं नागरिकों से अपील की है कि पात्र मतदाताओं के पंजीकरण में अपना सहयोग प्रदान करें।

## बरमदपुर व मोहनपुर ग्राम पंचायत पीडब्लूडी रोड रिपेयरिंग में बड़ा भ्रष्टाचार

**कोखराज/कौशांबी।** सिराथू तहसील के बरमदपुर से मोहनपुर ग्राम पंचायत में सड़क रिपेयरिंग 2 सेमी बनायी गयी है रोड में डामर केमिकल ना के बराबर होने से व रोड की स्थिति देखकर ग्रामीणों में काफी रोष है जे ई से रोड़ के बारे में बात करने पर बताया की रोड़ को दुबारा बनवाया जायेगा कह कर फोन काट दिया ग्रामीणों के अनुसार अगर सही तरीके से सड़क मरम्मत की जांच हुई तो जे ई व ठेकेदार पर कार्रवाई तय है जानकारी के अनुसार संभवतः कोई राजेन्द्र कुशवाहा नाम के ठेकेदार द्वारा रोड बनायीं गयी है अगर जिले के आला अधिकारियों ने जांच की तो ठेकेदार द्वारा बनायी रोड के भ्रष्टाचार की पोल खोल सकती हैं।

# जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने कुल 147 दिव्यांगजनों को किया ट्राई साइकिल वितरित

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी सुजीत कुमार एवं पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने दुर्गा देवी इंटर कॉलेज, ओसा में दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा आयोजित कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण वितरण कार्यक्रम में कुल 147 दिव्यांगजनों को ट्राई साइकिल वितरित किया। जिलाधिकारी ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि सरकार की मंशा दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाना है, उन्हें इस काबिल बनाना है कि वे अपने पैरों पर खड़े होकर अपना नाम, परिवार का नाम व जनपद का नाम रोशन कर सकें। उन्होंने

**श्रम विभाग द्वारा अनेक जनकल्याणकारी योजनायें संचालित की जा रही है, योजनाओं से सम्बन्धित जानकारी प्राप्त कर लाभ उठा सकतें हैं।**

कहा कि शासन द्वारा पेंशन राशि भी बढ़ाई गई है। उन्होंने दिव्यांगजनों से कहा कि पी0एम0 स्वनिधि योजना एवं मुद्रा योजना के तहत ऋण लेकर अपना स्वयं का रोजगार शुरू कर सकतें हैं तथा सरकार द्वारा संचालित अन्य योजनाओं के विषय में विस्तृत जानकारी प्राप्त करते हुए लाभ उठा सकतें हैं। उन्होंने कहा कि योजनाओं के प्रति जागरूक होकर आस-पास के लोंगो को भी योजनाओं के प्रति जागरूक करें। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजनों को समय-समय पर कार्यक्रम आयोजित कर कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण का वितरण किया जाता है, इसी प्रकार आगामी दिनों में भी किया जाता रहेंगा। उन्होंने कहा कि श्रम विभाग द्वारा अनेक जनकल्याणकारी योजनायें संचालित की जा रही है, योजनाओं से सम्बन्धित जानकारी प्राप्त कर लाभ उठा सकतें हैं।

पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि ईश्वर की सभी रचना दिव्य होती है, उसमें कोई कमी नहीं होती, ईश्वर ने आप लोगों को आलौकिक शक्ति प्रदान की हैं। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा आप लोगों को सक्षम एवं आत्मनिर्भर बनाने के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनायें संचालित की जा रहीं है।जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी अभिषेक उपाध्याय द्वारा दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी गई।

## सन्दिग्ध परिस्थितियों में बुजुर्ग ब्यक्ति की मौत

**कोखराज/कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के मलाक भायल पेट्रोल पंप के सामने एक 70 वर्षीय बुजुर्ग ब्यक्ति की मौत हो गयी मृतक की पहचान चन्द्र भान सिंह पुत्र बच्ची लाल सिंह कोरी पुर पश्चिम शरीरा के रूप में हुई है मामले की जानकारी मिलते ही मृतक के परिजन भी कोखराज थाना पहुंच गए हैं पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया है मृतक की मौत कैसे हुई है यह रहस्य बरकरार है बताया जाता है कि बुजुर्ग किसी व्यक्ति के साथ बाइक से घर से निकले थे लेकिन घटनास्थल पर बुजुर्ग की लाश मिली है बाइक वाला गायब बताया जाता है बाइक वाला कौन था और बुजुर्ग को इन स्थितियों में छोड़ कर क्यों चला गया है यह तमाम सवाल मृतक के मौत के बाद खड़े हो गए हैं

# सभी स्वास्थ्य इकइयो के आस पास तम्बाकू बिक्री निषेध

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाबी।** जिला तम्बाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ टीम ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी सभागार में एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला आयोजित की। इसकी अध्यक्षता मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ सुष्पेंद्र कुमार की मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ सुष्पेंद्र कुमार ने बताया कि जनपद को तम्बाकू नशा मुक्त बनाने की मुहिम में सभी का साथ आवश्यक है। इसी क्रम में यह कार्यशाला आयोजित की जा रही है। कार्यशाला के दौरान जिला स्तरीय हेल्थ प्रोफेशनल की क्षमता वृद्धि की गई। उन्होंने कार्यशाला में आए हुए समस्त स्वास्थ्य इकाइयों के प्रभारियों, सीएचओ एवं स्टाफ नर्स को बताया गया कि कोटपा अधिनियम 2003 का कैसे अनुपालन किया जाए। उन्होंने चिंता व्यक्त किया कि हमारी युवा पीढ़ी दिन प्रतिदिन इस नशे के गिरफ्त में आ रही है। प्रतिदिन करीब 5500 युवा तम्बाकू का सेवन कर रहा है। साथ ही हमारे बच्चे भी इससे बच नहीं पा रहे हैं कनशा एक ऐसी बीमारी हैं जो धीरे धीरे इन्सान को खत्म करती हैं। यह धन हानि के साथ स्वास्थ्य पर बुरा असर करता है। नोडल अधिकारी डॉक्टर के०डी० सिंह ने समस्त उपस्थित स्वास्थ्य कार्यकताओं को कोटपा अधिनियम 2003 के बारे मे बताते हुए कहा की तम्बाकू से होने वाली बीमारियों मे से प्रमुख रूप से मुख का कैंसर और शरीर मे होने वाले हानियों को के बारे मे विस्तार से बताया तथा तम्बाकू के दुष्प्रभावो की जानकारी दी और उससे होने बीमारियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी और कहा कि हमारा युवा इसकी गिरफ्त में लगातार होता चला जा रहा है युवाओं के मानसिक और शारीरिक रूप से कमजोर होता जा रहा है इसको रोकने के लिए हम सभी को आगे आना होगा जिसमें स्वास्थ्य इकाइयों की एक महत्वपूर्ण भूमिका होगी।

पुनीत श्रीवास्तव रीजनल कोआर्डिनेटर, उ.प्र वॉलेन्ट्री हेल्थ एसोसिएशन ने सिगरेट एवं अन्य तम्बाकू उत्पाद अधिनियम कोटपा 2003 की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कोटपा अधिनियम की धारा 4 में जिले के सार्वजनिक स्थानों को तंबाकू मुक्त घोषित करने के लिए साइनेज लगाना अनिवार्य है। समस्त स्वास्थ्य इकाइयों के समस्त प्रवेश द्वारो पर धारा 4 का साइनेज कोटपा अधिनियम का अनुपालन किया जाए इसी प्रकार धारा 6 बी के तहत के प्रवेश द्वार पर भी तम्बाकू मुक्त का लगाना अनिवार्य है। साथ ही स्कूल के 100 गज के अन्दर तम्बाकू उत्पाद बेचना प्रतिबंधित है। इसी प्रकार धारा 6ए में 18 वर्ष से कम उम्र के व्यक्ति को तंबाकू बेचना या उसके द्वारा तंबाकू बिकवाना दोनों ही अपराध माना जाता है। इस अपराध में 200 रुपए तक के जुमार्ने का प्रावधान है। धारा 7 के अंतर्गत बिना वैधानिक चेतावनी के तम्बाकू उत्पात नहीं बेचा जा सकता है।

## सीओ के साथ कोतवाल ने किया पैदल गस्त

**कौशाम्बी।** डीजीपी के निर्देश के क्रम में प्रतिदिन की तरह शनिवार को भी मंझनपुर कोतवाली पुलिस ने क्षेत्राधिकारी मंझनपुर के साथ मंझनपुर कस्बा बाजार आदि क्षेत्रों में पैदल भ्रमण कर कानून व्यवस्था का जायजा लिया और इस दौरान उन्होंने आम जनमानस को सुरक्षा का अहसास कराया। शनिवार की शाम क्षेत्राधिकारी मंझनपुर के साथ प्रभारी निरीक्षक मंझनपुर अतिरिक्त निरीक्षक मंझनपुर एवं उपनिरीक्षक गण मय हमराही पुलिस बल के कस्बा मंझनपुर के बाजार मेला एवं कस्बे में पैदल गस्त के लिए निकल पड़े जगह-जगह पर पुलिस टीम ने संदिग्ध व्यक्ति संदिग्ध वस्तु संदिग्ध वाहन की जांच की और जांच के दौरान लोगों को कानून का पाठ पढ़ाया पैदल भ्रमण के दौरान पुलिस टीम ने बिना हेलमेट तीन सवारी तथा यातायात नियमों का ना पालन करने वाले चालकों की चेकिंग कराई एवं गलत पाए जाने पर लोगों पर कार्रवाई की आम जनता के व्यक्तियों से पुलिस टीम ने बातचीत कर उन्हें सुरक्षा का एहसास कराया

# अपात्र लाभार्थी के आवास की स्वीकृति न कराया जाएः सीडीओ

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** आवास निर्माण की झूठी सूचना मुख्यमंत्री कार्यालय भेजे जाने के मामले की जानकारी मिलते ही मुख्य विकास अधिकारी ने समस्त खंड विकास अधिकारियों को मुख्यालय बुला लिया है और बैठक के दौरान उन्होंने समस्त खंड विकास अधिकारियों से कहा कि आवास निर्माण की सही सूचना भेजी जाए अपूर्ण आवास को दिखाते पूर्ण दिखाते हुए यदि शासन को सूचना भेजी गई तो संबंधित खंड विकास अधिकारी के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी कड़ा विकासखंड का मामला सामने आया है जहां अपूर्ण आवास पर खंड विकास अधिकारी कड़ा ने मुख्यमंत्री



खंड विकास अधिकारी के साथ बैठक करते मुख्य विकास अधिकारी।

को आवास पूर्ण हो जाने की झूठी सूचना भेजी थी मामले की गुरुवार को मुख्य विकास अधिकारी से लाभार्थियों ने शिकायत किया था जिस पर सीडीओ ने मामले को गंभीरता से लिया।

मुख्य विकास अधिकारी द्वारा समस्त खण्ड विकास अधिकारियों के साथ प्रधानमन्त्री आवास योजना ग्रामीण एवं मुख्य मंत्री आवास योजना ग्रामीण वर्ष 2022-23 की समीक्षा की गई बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने समस्त खंड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनपद को वित्तीय वर्ष 2022-23 में 6513 का लक्ष्य प्राप्त हुआ है, जिसकी स्वीकृति अविलम्ब करा लिया जाए। उन्होंने कहा कि इस बात का अवश्य ध्यान रहे कि किसी अपात्र लाभार्थी के आवास की स्वीकृति न कराया जाए अन्यथा की स्थिति में संबंधित के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत जिन लाभार्थियों को प्रथम किश्त की धनराशि प्राप्त हो गई है, उनसे संपर्क कर जल्द से जल्द प्रथम किश्त का उपभोग कराते हुए सेकेंड किस्त निर्गत कराएं जिससे ससमय आवासों को पूर्ण कराया जा सके।

# रेप के आरोपी को 4 दिन बाद भी पुलिस ने नहीं भेजा जेल

## पुलिस कब्जे में पीड़ित बालिका से मिलने के लिए 4 दिन से परिजन है परेशान

**अखंड भारत संदेश**

**कौशांबी।** मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के देवखरपुर गांव की एक नाबालिंग बालिका को बहला फुसलाकर आधी रात को घर से भगा ले जाने वाले युवक की गिरफ्तारी के चार दिन बाद भी आरोपी युवक को पुलिस जेल नही भेज सकी है रेप अपहरण पीड़ित नाबालिंग बालिका को 4 दिन से मंझनपुर कोतवाली पुलिस ने कब्जे में ले रखा है बालिका को रात में वन स्टाप सेंटर भेज दिया जाता है वहां भी वह पुलिस की निगरानी में होती है वन स्टॉप सेण्टर में भी पीड़ित बालिका के परिजन नहीं मिल पा रहे हैं आखिर नाबालिंग बालिका ने गुनाह क्या किया है कि उसे परिजनों से मिलने से रोका जा रहा है जांच के नाम पर पुलिस ने बालिका की स्थिति कैद जैसी बना दी है कहीं इसके पीछे कोतवाली पुलिस की बड़ी साजिश तो नहीं है कि आरोपी की राहत देने के बहाने पीड़ित बालिका को समझा-बुझाकर उसका मन बदल कर बयान बदलने के लिए नाबालिग बालिका पर पुलिस दबाव तो नहीं बना रही है यह बड़ी जांच का विषय है।

पीड़ित बालिका घटना के बाद से परेशान दिखाई पड़ रही है उसके बाद उसे परिजनों से नहीं मिलने दिया जा रहा है जिससे वह दोहरी परेशानी से गुजर रही है पीड़ित बालिका के पिता रोजी रोटी के चक्कर में मुंबई में पड़े हैं जहां वह लगातार रो रहे हैं रेप पीड़िता बालिका के साथ खुलेआम उसके निजता स्वतंत्रता और मानवाधिकार का हनन किया जा रहा है परिजन बार-बार पीड़ित बालिका से मिलने का प्रयास कर रहे हैं लेकिन उन्हें बार-बार रोका जा रहा है 4 दिन से लगातार पीड़ित बालिका के परिजन मंझनपुर कोतवाली से लेकर वन स्टॉप सेंटर तक पूरे दिन पीड़ित बालिका से मिलने के लिए घूम रहे हैं लेकिन परिजनों से उसे मिलने नही दिया जा रहा है आरोपी को मंझनपुर कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर रखा है लेकिन 4 दिन से आरोपी युवक को जेल नहीं भेजा गया जिससे कोतवाली पुलिस की मंशा साफ नहीं दिखाई पड़ रही है।

पीड़ित बालिका ने साफ तौर पर बयान में बताया है कि उसे ले जाने के बाद उसके साथ घिनौना काम भी किया गया है और उसे ले जाकर युवक बेचने का प्रयास कर रहा था बिक्री करने के बाद बालिका को भी 30 हजार रुपए देने का लालच आरोपी युवक ने दिया था रेप अपहरण के साथ-साथ मानव तस्करी के व्यवसाय से जुड़ा हुआ यह मामला लगता है आरोपी युवक पर इसके पहले भी कई गंभीर आरोप लग चुके हैं जिसकी चर्चा पूरे गांव क्षेत्र में है लेकिन आरोपी युवक को इस गम्भीर मामले में 4 दिन की जांच के बाद भी पुलिस उसे दोषी मान कर जेल नहीं भेज सकी है शीर्ष अदालत ने रेप के मामले में स्पष्ट दिशा निर्देश है कि घटना के 4 घंटे से 8 घंटे के भीतर रेप पीड़िता की मेडिकल जांच करा ली जाए लेकिन उसके बाद 4 दिन बीत जाने के बाद भी रेप पीड़िता का मेडिकल जाँच कोतवाली पुलिस नहीं करा पाई है आखिर कोतवाली पुलिस इस मामले में चाहती क्या है उसका उद्देश्य क्या है समय अधिक बीत जाने से रेप के सबूत नष्ट हो सकते हैं लेकिन फिर भी पुलिस गंभीर नहीं है जबकि एक प्रमुख के जरिए लाखों रुपया वसूली का आरोप चौकी पुलिस पर लग रहा है और पुलिस की कार्यवाही से लग रहा है कि उस पर लगने वाला आरोप काफी हद तक सही है वरना कोतवाली पुलिस के ऊपर नाजायज दबाव नहीं होता तो 4 दिन से रेप आरोपी को जेल भेजने में पुलिस लापरवाही नहीं करती और बालिका के साथ गम्भीर घटना होने के बाद उसे मानसिक प्रताड़ना पुलिस नहीं देती बल्कि पीड़ित परिजनों का पुलिस सहयोग करती और आरोपी को दण्ड दिलाने में पीड़ित परिवारों से पुलिस सहयोग लेती लेकिन पीड़ित परिवार का पुलिस लगातार तिरस्कार कर रही है।

# एक निरीक्षक समेत नौ उप निरीक्षकों के कार्य क्षेत्र में हुआ बदलाव

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा कानून व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए एक सप्ताह पहले पश्चिम सरीरा थाना प्रभारी को लाइन हाजिर कर दिया गया था। वही कोखराज थाना क्षेत्र के शहजादपुर चौकी में तैनात उप निरीक्षक को भी लाइन हाजिर किया गया था। कानून व्यवस्था दुरस्त करने के लिए एसपी ने पश्चिम सरीरा में थाना प्रभारी की तैनाती के साथ नौ उप निरीक्षकों के कार्य क्षेत्र में फेरबदल किया है।

पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने आईजी प्रयागराज के निर्देश पर पश्चिम सरीरा थाने पर तैनात थाना प्रभारी भवानी सिंह को लाइन हाजिर कर दिया था।वहीं पर विवेचना में फिसड्डी साबित होने पर कोखराज थाना क्षेत्र की शहजादपुर चौकी में तैनात उपनिरीक्षक को भी लाइन हाजिर कर दिया गया था। कानून व्यवस्था को दुरस्त करने के लिए पुलिस अधीक्षक द्वारा पश्चिम शरीरा में रमेश पटेल को तैनात किया गया है। जबकि आशुतोष तिवारी को प्रभारी साइबर सेल से सर्विलांस सेल में नियुक्त किया गया है। उप निरीक्षक प्रवेश कुमार को सर्विलांस सेल से चौकी शहजादपुर में तैनात किया गया है। आदित्य कुमार को क्राइम ब्रांच चौकी प्रभारी सिविल लाइन थाना मंझनपुर श्याम बहादुर पुलिस लाइन से चरवा तथा रविंद्र प्रसाद को थाना करारी से यातायात एवं उमेद्र प्रताप सिंह को सराय अकिल से मंझनपुर के लिए स्थानांतरित किया गया था।

# कृष्ण-सुदामा मित्रता देती है संदेश, ऊॅच-नीच से दूर है मित्रों के परिवेश

## भागवत कथा का प्रसंग सुन भाव-विभोर हुए श्रद्धालु

**अखंड भारत संदेश**

कौशाम्बी। मंझनपुर मुख्यालय में चौधरी बैजनाथ नगर में एक निजी गेस्ट हाउस में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के सातवें दिन कथावाचक पं0 अखिलेश जी महाराज ने शनिवार को रूखमणि विवाह, कृष्णा रास, कसंवध, सुदामा चरित्र का प्रंसग सुनाया गया। श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण-रुक्मणी विवाह को एकाग्रता से सुना।

शुक्रवार को श्रद्धालुओं ने विवाह के मंगल गीत गाए। ज्ञानचन्द्र गुप्ता भुर्जी ने लावा परछन करते हुए पत्नी व अन्य श्रदालुओं ने पैरपूजी किया। कथा के मुख्य यजमान विट्टन देवी एवं शारदा प्रसाद गुप्ता भुर्जी ने आरती पूजन किया। पं0 अखिलेश जी महाराज ने रास प्रसंग में कहा कि बांसुरी की सुरीली तान सुनकर गोपियां अपनी सुध खो बैठीं। कृष्ण ने उनके मन मोह लिए। उनके मन में काम का भाव जागा लेकिन यह काम कोई वासना नहीं थी। यह तो गोपियों के मन में भगवान को पाने की इच्छा थी। आमतौर पर काम, क्रोध, मद, मोह और भय अच्छे भाव नहीं माने जाते हैं लेकिन जिसका मन भगवान ने चुरा लिया हो तो ये भाव उसके लिए कल्याणकारी हो जाते हैं। महराज जी ने आगे बढते हुए कंस वध प्रंसग का वर्णन किए जाने पर पंडाल में उपस्थित श्रोता भाव-विभोर हो गए। कथाव्यास ने सुदामा चरित्र का वर्णन करते हुए कहा कि मित्रता करो, तो भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा जैसी करो। सच्चा मित्र वही है, जो अपने मित्र की परेशानी को समझे और बिना बताए ही मदद कर दे। परंतु आजकल स्वार्थ की मित्रता रह गई है। जब तक स्वार्थ सिद्ध नहीं होता है, तब तक मित्रता रहती है।

जब स्वार्थ पूरा हो जाता है, मित्रता खत्म हो जाती है। उन्होंने कहा कि एक सुदामा अपनी पत्नी के कहने पर मित्र कृष्ण से मिलने द्वारकापुरी जाते हैं। जब वह महल के गेट पर पहुंच जाते हैं, तब प्रहरियों से कृष्ण को अपना मित्र बताते है और अंदर जाने की बात कहते हैं। यह सुनकर भगवान श्रीकृष्ण का मित्र एक दरिद्र व्यक्ति कैसे हो सकता है। तभी एक प्रहरी महल के अंदर जाकर भगवान श्रीकृष्ण को बताता है कि महल के द्वार पर एक सुदामा नाम का दरिद्र व्यक्ति खड़ा है जो आपका मित्र बता रहा है। द्वारपाल की बात सुनकर भगवान कृष्ण नंगे पांव ही दौड़े चले आते हैं और अपने मित्र को रोककर सुदामा को रोककर गले लगा लिया। उन्होने बताया कि श्री मद्भागवत कथा का आज से समापन हो गया है, रविवार को पूणार्हुति होगा। मौके पर ज्ञानचन्द्र गुप्ता भुर्जी, रोहित गुप्ता, मथुरा प्रसाद अग्रहरि, राजेन्द्र मुन्ना, शशिभान गुप्ता, नीरज शुक्ला, दुर्गा, सुनीता, पवन जायसवाल जितेन्द्र गुप्ता, अशोक गुप्ता, शिव रतन गुप्ता सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहें।

# संपादकीय

## भारत में जेलों की भीड़भाड़?

**राष्ट्रीय** अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो की रिपोर्ट के अनुसार पिछले दशक में जेलों की क्षमता 3.32 लाख से बढ़कर 4.25 लाख हो गई है, जो कि 27% की वृद्धि है, जबकि इसी अवधि में कैदियों की संख्या 3.7 लाख से बढ़कर 5.54 लाख हो गई है। इस असंतुलन के कारण पिछले एक दशक में दर 112% से बढ़कर 130% हो गई है। आंकड़े भी यही बताते हैं कि कैदियों की भीड़ से जूझती भारत की जेलें एक विस्फोटक स्थिति में पहुंच चुकी हैं. नेशनल क्राइम रिकार्ड्स ब्यूरो (एनसीआरबी) की जेलों की स्थिति पर ताजा रिपोर्ट में कहा गया कि 31 दिसंबर 2021 तक देश की कुल 1,319 जेलों में औसतन हर 100 कैदियों के लिए निर्धारित जगह में 130 कैदी रह रहे थे। भीड़भाड़ के पीछे मुख्य कारण विचाराधीन कैदी हैं क्योंकि वे कुल कब्जे का 77 प्रतिशत हिस्सा हैं। प्रिजन स्टैटिस्टिक्स इंडिया 2021 के अनुसार, 2016-2021 के बीच जेलों में बंदियों की संख्या में 9.5 प्रतिशत की कमी आई है जबकि विचाराधीन कैदियों की संख्या में 45.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। नया इंफ्रास्ट्रक्चर बनाने की रफ्तार सुस्त है। जैसे-जैसे कैदियों की संख्या बढ़ती है और उनके आवास के लिए कोई अतिरिक्त स्थान उपलब्ध नहीं होता है, जेलों में भीड़भाड़ होती है। निवारक निरोध के तहत रखे गए लोगों की संख्या में वृद्धि हुई है। निष्पक्ष सामाजिक नीतियां और अपराध की रोकथाम हेतु गरीबी और सामाजिक हाशिए पर जाने के खिलाफ कार्रवाई करना अपराध और हिंसा को रोकने और बदले में जेल में भीड़भाड़ को कम करने के लिए महत्वपूर्ण है। अपराधों की समीक्षा और पुनः वर्गीकरण अदालतों को बड़ी संख्या में अपराधों के लिए गैर-हिरासत प्रतिबंधों और उपायों या कम जेल की शर्तों को लागू करने की संभावना देगा। उदा. अंतिम उपाय के उपाय के रूप में बच्चों को कैद करना. साल 2020 के भारत सरकार के आंकड़ों के अनुसार, चार में से एक विचाराधीन कैदी को एक वर्ष या उससे अधिक के लिए कैद किया गया है, और आठ में से एक को दो से पांच साल तक जेल में रखा गया है। साल 2010 से 2020 के दशक में, एक साल या उससे अधिक समय से जेल में बंद विचाराधीन कैदियों का प्रतिशत लगभग सात प्रतिशत से बढ़कर 29% हो गया। ये आंकड़े यह बताते हैं कि भारत में पहले से कहीं अधिक कैदी मुकदमे की प्रतीक्षा कर रहे हैं, और पहले की तुलना में अधिक कैदी जेल में अधिक समय बिता रहे हैं। इसका मतलब यह है कि भारत में हर चार में से तीन कैदी बिना किसी अपराध के दोषी पाए बिना दंडात्मक सजा काट रहे हैं। इसके अलावा, जैसे-जैसे अधिक लोग हर दिन गिरफ्तार किए जाते हैं, वैसे-वैसे अधिक लोग मुकदमे की प्रतीक्षा में जेल में अधिक समय बिताते हैं, यह हमारी जेलों में भीड़ को बढ़ाता है। यह बढ़ती भीड़ पहले से ही अस्वच्छ स्थितियों और गन्दगी से जूझ रही हमारी जेलों, जहां स्वास्थ्य सेवा आसानी से उपलब्ध नहीं होती, में संचारी रोगों के प्रसार के खतरे को बढ़ा देता है, सीएचआरआई रिपोर्ट बताती है।

## मार्शल लॉ की परंपरा वाला पाकिस्तान

संजीव

**1947** में भारत और पाकिस्तान एक साथ अंग्रेजों की दास्ता से स्वतंत्र हुये थे। भारत में लोकतांत्रिक परंपरा को अपनाकर चहुमुखी विकास किया परंतु पाकिस्तान ने हमेशा आतंकवाद का सहारा लेकर नकारात्मक विकास की राह पकड़ी फल स्वरूप 75 साल के स्वतंत्रता के बाद भी पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था फिर गुलामी की ओर बढ़ने लगी है और भारत विश्व की पांचवी अर्थव्यवस्था तथा सामरिक शक्ति बन चुका है। 2023 में दिसंबर 22 से जी-20 की अध्यक्षता भी करेगा जो कि भारत के इतिहास में एक महत्वपूर्ण कदम है और यहीं से भारत के वैश्विक नेतृत्व करने की शुरूआत भी हो रही है। पाकिस्तान हमेशा मर्सला ला के प्रशासन लागू होने की आशंका में डूबा हुआ रहता है। पाकिस्तान के मार्शल लाल लगने के इतिहास में अयूब खान पहले मार्शल ला प्रशासक हुए जिन्होंने 1958 से लेकर 65 तक फील्ड मार्शल पाकिस्तान में शासन किया उसके बाद बख्तियार राणा ने पाकिस्तान के पश्चिमी क्षेत्र का प्रशासन संभाला था। इसी परंपरा में याहया खान 69-71 तक प्रशासक रहे जुल्फिकार अली भुट्टो सिविलियन प्रशासक बने, जुल्फिकार अली भुट्टो पाकिस्तान के चुने हुए प्रधानमंत्री भी रहे पर उनका तख्तापलट कर जनरल जिया उल हक ने 77 से लेकर 88 तक पाकिस्तान में मार्शल ला प्रशासन चलाया उन्होंने जुल्फिकार अली भुट्टो का तख्ता पलट कर उनको फांसी पर लटका भी दिया था. मोहम्मद जिया उल हक सबसे अधिक समय तक पाकिस्तान के मार्शल ला प्रशासक रहे उसके पश्चात परवेज मुशर्रफ 99 से 2002 तक मार्शल ला प्रशासक बने. इमरान खान के प्रशासन काल में पाकिस्तानी सेना के जनरल जावेद कमर बाजवा रहे और यह आशंका बलवती होती रही कि कभी भी मार्शल ला लगाया जा सकता है पर ले देकर इमरान ने अपनी सरकार चलाई और उन्हें भी अपने पद से हटना पड़ा,वहां लोकतांत्रिक तरीके से उनको हटाकर सहबाज शरीफ प्रधानमंत्री बने। अब बाजवा के कार्यकाल बाद तख्तापलट की आशंका से मुक्त होकर पाकिस्तान के आई,एस,आई के पूर्व प्रमुख वरिष्ठ एवं लेफ्टिनेंट जनरल मुनीर को पाकिस्तान का नया सेना प्रमुख बनाया गया है। जनरल मुनीर आई एस आई- और मिलिट्री इंटेलिजेंस के प्रमुख रह चुके हैं उन्हें पुलवामा कांड के मास्टरमाइंड के रूप में जाना जाता है और 8 महीने बाद ही 2019 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इमरान खान के जोर देने पर पद से हटाकर लेफ्टिनेंट जनरल फेज हामिद उनके के स्थान पर आईएसआई प्रमुख बनाया गया था। अब जनरल कमर बाजवा के सेवानिवृत्त होने पर मुनीर को सेना का प्रमुख बनाया गया है।

# संघ रचता है संस्कृति के नये स्वस्तिक

ललित गर्ग



**सामाजिक** और आर्थिक विकास के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्वयंसेवक दिवस 5 दिसंबर को प्रतिवर्ष दुनिया भर में मनाया जाता है। यह दिवस सभी व्यक्तिगत स्वयंसेवकों और स्वयंसेवी संगठनों को अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय और स्थानीय स्तरों पर उनके योगदान को दिखाने का एक बड़ा अवसर प्रदान करता है। यह दिन हर साल हजारों स्वयंसेवकों को जुटाने के साथ, विकास कार्यक्रम का समर्थन करके शांति और विकास को भी बढ़ावा देता है। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 17 दिसंबर, 1985 को हर वर्ष 5 दिसंबर को दुनिया भर में अंतर्राष्ट्रीय स्वयंसेवक दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की। तब से, अंतर्राष्ट्रीय स्वयंसेवक दिवस संयुक्त राष्ट्र प्रणाली, सरकारों, नागरिक समाज संगठनों आदि द्वारा प्रतिवर्ष मनाया जाने लगा। आज देश एवं दुनिया के विभिन्न विश्वविद्यालयों में जिस स्वयंसेवक संगठन की उपयोगिता एवं सार्थकता की चर्चा है, जिसकी विलक्षणताओं एवं विशेषताओं पर शोध हो रहा है, वह है भारत का राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, जो दुनिया सबसे बड़ा स्वयंसेवी संगठन है। संघ देश की सरकारों तथा गैर-सरकारी संस्थाओं को आर्थिक तथा सामाजिक विकास के साथ-साथ राष्ट्रीय एकता को प्रोत्साहन देने के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का स्मरण कराता है।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भारत का एक दक्षिणपंथी, हिन्दू राष्ट्रवादी, अर्धसैनिक, स्वयंसेवक संगठन हैं, जो भारत के सत्तारूढ़ दल भारतीय जनता पार्टी का व्यापक रूप से पैतृक संगठन माना जाता हैं। यह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अपेक्षा संघ या आर.एस.एस. के नाम से अधिक प्रसिद्ध है। बीबीसी के अनुसार संघ विश्व का सबसे बड़ा स्वयंसेवी संस्थान है। इसकी स्थापना सन् 27 सितंबर 1925 को विजयदशमी के दिन मोहिते के बाड़े नामक स्थान पर डॉ. केशवराव बलिराम हेडगेवार ने की थी। संघ के 5 स्वयंसेवकों के साथ शुरू हुई विश्व की पहली शाखा आज 50 हजार से अधिक शाखाओ में बदल गई और ये 5 स्वयंसेवक आज करोड़ों स्वयंसेवकों के रूप में हमारे समाने हैं, जो स्वयं में एक विलक्षण एवं अद्भूत उदाहरण है। संघ आर्थिक असंतुलन एवं गरीबी को दूर करने एवं समतामूलक समाज की स्थापना के लिये प्रतिबद्ध है। संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले के अनुसार पिछले कुछ वर्षों में भारत के सार्थक प्रयास से सुरक्षा, विज्ञान, चिकित्सा, खाद्यान्न सहित कई क्षेत्रों में प्रगति की है । भारत विश्व में आर्थिक रूप से संपन्न 6 देशों में शामिल हो चुका है। कई क्षेत्रों में प्रगति करने के बाद भी देश में गरीबी एक राक्षस के रूप में खड़ी है। जिस तरह हम विजयादशमी के दिन राक्षस रूपी पुतला का वध कर बुराई पर अच्छाई को स्थापित करने का संकल्प लेते हैं उसी तरह हमें इस गरीबी पर विजय पाने का प्रण लेना होगा। इसके लिए देश में सभी को नौकरी सरकार या निजी संस्थाएं दे नहीं सकती हैं। इसलिए हमें स्वरोजगार एवं स्व उद्यमिता पर जोर देना होगा। स्वदेशी जागरण मंच की ओर से स्वावलंबी भारत के लिये संघ प्रयासरत है। संघ की विचारधारा में राष्ट्रवाद, हिंदुत्व, हिंदू राष्ट्र, राम जन्मभूमि, अखंड भारत, समान नागरिक संहिता जैसे विषय हैं, जो देशवासियों को देश की समरसता की ओर ले जाते हैं। 1975 के बाद से धीरे-धीरे इस संगठन का न केवल सामाजिक-सांस्कृतिक बल्कि राजनीतिक महत्व बढ़ता गया और इसकी परिणति भाजपा जैसे राजनीतिक दल के रूप में हुई जिसे आमतौर पर संघ की राजनीतिक शाखा के रूप में देखा जाता है। संघ की स्थापना के 75 वर्ष बाद सन् 2000 में प्रधानमन्त्री अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में एनडीए गठबंधन की सरकार भारत की केन्द्रीय सत्ता पर आसीन हुई। इसके पश्चात 2014 एवं 2019 में नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री नेतृत्व इसकी सरकार बनी हैं। संघ का मूल उद्देश्य भारत को उसकी अपनी सभ्यता एवं संस्कृति के परिप्रेक्ष्य में पहचान प्रदान करना है और इसको अंजाम देने के लिए उसने जिन तरीकों को स्थापित किया वह राजनीतिक न होकर सामाजिक और सांस्कृतिक है। इसलिए संघ का देश की राजनीति में कितना ही प्रभाव क्यों न हो उसका मूल चरित्र सामाजिक और सांस्कृतिक बना रहा है। देश की राजनीति में महत्वपूर्ण बदलाव उसके द्वारा सामाजिक और सांस्कृतिक बदलाव को एक परिणाम के रूप में देखा जाना चाहिए। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ संघ या आरएसएस के नाम से अधिक लोकप्रिय है। इसका मुख्यालय महाराष्ट्र के नागपुर में है। संघ के छोटे बड़े लगभग 55 स्वस्थ समाज निर्माण में जुटे संगठन एवं गतिविधियां हैं जो संसारभर में फैले हैं। महात्मा गाँधी ने 1934 में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शिविर की यात्रा के दौरान वहाँ पूर्ण अनुशासन, समर्पण देखा और छुआछूत की अनुपस्थिति पायी। इससे प्रभावित होकर उन्होंने संघ की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ संसार का अकेला ऐसा संगठन है जिसमें आज तक भ्रष्टाचार, पदलिप्सा या अनैतिकता की स्थिति नहीं आई। इस समय संघ द्वारा करीब 25,028 सेवा-प्रकल्प चलाए जा रहे हैं। ये प्रकल्प देश के 30 प्रांतों में 11,498 स्थानों पर चल रहे हैं। ये सेवा कार्य भिन्न-भिन्न क्षेत्रों पर केन्द्रित हैं, जैसे स्वास्थ्य, शिक्षा, सामाजिक, आर्थिक विकास, कौशल विकास, गोसेवा आदि। भौगोलिक दृष्टि से 16,101 सेवा कार्य ग्रामीण क्षेत्रों में, 4,266 वनवासी क्षेत्रों में, 3,412 सेवा बस्तियों में और शेष स्थानों पर 1,249 सेवा कार्य चल रहे हैं। अंतर्राष्ट्रीय स्वयंसेवक दिवस मनाते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थितियों का आकलन इस दिवस की सार्थकता को व्यक्त करता है। आरएसएस में स्वयंसेवक इस शब्द का अर्थ होता है- स्वेच्छा से काम करने वाला। संघ के विचारों को मानने वाले और नियमित तौर पर शाखा में जाने वाले लोगों को संघ का स्वयंसेवक कहा जाता है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की प्रमुख शैक्षणिक प्रवृत्ति एवं संगठनात्मक उपक्रम है विद्या भारती। जो आज 20 हजार से ज्यादा स्कूल चलाता है, लगभग दो दर्जन शिक्षक प्रशिक्षण कॉलेज, डेढ़ दर्जन कॉलेज, 10 से ज्यादा रोजगार एवं प्रशिक्षण संस्थाएं चलाता है। शिक्षा के साथ संस्कार देने के लिए विद्या भारती संचालित सरस्वती शिशु मंदिर की आधारशिला गोरखपुर में पांच रुपये मासिक किराये के भवन में रखी गयी थी। सेवा भारती ने जम्मू कश्मीर से आतंकवाद से अनाथ हुए 57 बच्चों को गोद लिया है जिनमें 38 मुस्लिम और 19 हिंदू बच्चे हैं। दिल्ली में सेवा भारती 250 बालवाड़ियों का संचालन करती है, जिनमें 7 वर्ष तक की आयु के 10 हजार बच्चे हैं। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद को विश्व के सबसे बड़ा छात्र संगठन के रूप में भी जाना जाता है। विद्यार्थी परिषद का नारा है- ज्ञान, शील और एकता। संघ द्वारा देश में सात रक्त संग्रह केन्द्र चलाए जा रहे हैं, जिनमें से एक बंगलौर में है और छह महाराष्ट्र में। स्वास्थ्य के क्षेत्र में कुल प्रकल्पों की संख्या 3,112 है। भारतीय किसान संघ की स्थापना 4 मार्च 1979 को राजस्थान के कोटा शहर में महान भारतीय तत्त्वचिंतक, आंतरराष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त मजदूर नेता श्री दत्तोपंतजी ठेंगडी ने भारतीय किसानों के उत्थान हेतु की। इस सम्पूर्ण संगठन के पीछे की मूल भावना यह है कि निहित स्वार्थों की जगह सामूहिक हित, राष्ट्रीयता की भावना, स्व-संस्कृति एवं स्व-पहचान को प्राथमिकता देना है। इसकी सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि जो व्यक्ति जिस तरह के कौशल में निपुण होता है वह बिना किसी अपेक्षा के अपने कौशल एवं क्षमतानुसार सेवा प्रदान करता है। इतनी अकल्पित उपलब्धियों से भरा-पूरा संघ सम्पूर्ण राष्ट्र को एक नई शक्ति, नई ताजगी, नया विश्वास देने वाला है। इसकी सफलता में संघ के शीर्ष नेतृत्व के साथ-साथ कार्यकताओं, जन साधारण का उत्साह, हौसला एवं पुरुषार्थ का योग है। यही कारण है कि आज संघ की तेजस्विता की चर्चा आम आदमी के मुंह पर है। सूरज की एक किरण को देखकर सूरज बनने का सपना संजोने वाला संगठन महान होता है। वह और अधिक महान होता है, जो सूरज बनने का सपना देखकर परिपूर्ण सूरज बन जाता है। शताब्दियों के बाद कोई-कोई संगठन ऐसा होता है। वह अपनी रोशनी से एक समूची परंपरा एवं संस्कृति को उद्भासित कर देता है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ऐसा ही अनूठा स्वयंसेवी संगठन है। संघ का काम व्यक्ति, समाज एवं राष्ट्र निर्माण का है। व्यक्ति से समाज एवं समाज से राष्ट्र निर्मित होता हैं। प्रत्येक संघी यानी स्वयंसेवक समाज में आचरण में परिवर्तन लाने का प्रयास करते हैं। यह स्वावलंबी पद्धति से, सामूहिकता से चलने वाला काम है। आइए संघ के हाथों स्वयंसेवक परम्परा को इतना मजबूत और विश्वसनीय बनायें कि निर्माण का हर क्षण इतिहास बने। नये एवं सशक्त भारत का निर्माण हो, जिसका हर रास्ता मुकाम तक ले जाये। सबकी सबके प्रति मंगलभावनाएं मन में बनी रहे। आज देश ने राष्ट्रीयता के ईमान को, कर्त्तव्य की ऊंचाई को, संकल्प की दृढ़ता को और मानवीय मूल्यों को सुरक्षित रखने के लिये ह्यायशस्वी भारत एवं सशक्त भारत के रूप में स्वयंसेवक की इस परम्परा ने फिर आान किया है। आओ, फिर एक बार जागें, संकीर्णता एवं स्वार्थ की दीवारों को ध्वस्त करें।

> इसका मुख्यालय महाराष्ट्र के नागपुर में है। संघ के छोटे बड़े लगभग 55 स्वस्थ समाज निर्माण में जुटे संगठन एवं गतिविधियां हैं जो संसारभर में फैले हैं। महात्मा गाँधी ने 1934 में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शिविर की यात्रा के दौरान वहाँ पूर्ण अनुशासन, समर्पण देखा और छुआछूत की अनुपस्थिति पायी। इससे प्रभावित होकर उन्होंने संघ की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ संसार का अकेला ऐसा संगठन है जिसमें आज तक भ्रष्टाचार, पदलिप्सा या अनैतिकता की स्थिति नहीं आई

# लहरों से लोहा लेने का जुनून

योगेश कुमार गोयल

**भारतीय नौसेना** के जांबाजों को याद करते हुए प्रतिवर्ष 04 दिसंबर को भारतीय नौसेना दिवस मनाया जाता है। एक मायने में यह 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध में भारतीय नौसेना की शानदार जीत का जश्न होता है। दरअसल 03 दिसंबर, 1971 को पाकिस्तान की सेना ने हमारे हवाई और सीमावर्ती क्षेत्र में हमला किया था। पाकिस्तान को मुहतोड़ जवाब देने के लिए उसकी नौसेना के कराची स्थित मुख्यालय को निशाने पर लेकर ऑपरेशन ट्राइडेंट चलाया गया। भारतीय नौसेना की मिसाइल नाव तथा दो युद्धपोतों के आक्रमणकारी समूह ने कराची के तट पर जहाजों के समूह पर हमला कर दिया। हमले में पाकिस्तान के कई जहाज और ऑयल टैंकर तबाह हो गए। भारतीय नौसेना का यहह हमला इतना आक्रामक था कि कराची बंदरगाह पूरी तरह बर्बाद हो गया। कराची तेल डिपो पूरे सात दिनों तक धू-धूकर जलता रहा था। तेल टैंकरों में लगी आग की लपटों को 60 किलोमीटर दूर से तक देखा गया। भारत के जवाबी हमले में कराची हार्बर फ्यूल स्टोरेज तबाह होने के कारण पाकिस्तान की नौसेना की कमर टूट गई थी। नौसेना दिवस समारोह आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों की योजना विशाखापत्तनम स्थित भारतीय नौसेना कमान द्वारा तैयार की जाती है। समारोह की शुरूआत युद्ध स्मारक पर पुष्प अर्पित करके की जाती है। उसके बाद नौसेना की पनडुब्बियों, जहाजों, विमानों आदि की ताकत और कौशल का प्रदर्शन किया जाता है। नौसेना के मुंबई स्थित मुख्यालय में इस अवसर पर नौसैनिक अपने शौर्य का प्रदर्शन करते हैं और गेटवे ऑफ इंडिया बीटिंग रीट्रिट सेरेमनी का आयोजन किया जाता है। भारतीय नौसेना मुख्य रूप से तीन भागों (वेस्टर्न नेवल कमांड, ईस्टर्न नेवल कमांड तथा दक्षिणी नेवल कमांड) में बंटी है। वेस्टर्न नेवल कमांड का मुख्यालय मुंबई , ईस्टर्न नेवल कमांड का विशाखापत्तनम में और दक्षिणी नेवल कमांड का कोच्चि में है। वेस्टर्न तथा ईस्टर्न कमांड ऑपरेशनल कमांड है, जो अरब सागर और बंगाल की खाड़ी को संभालते हैं। दक्षिणी नेवल कमांड ट्रेनिंग कमांड है। केरल स्थित एझिमाला नौसेना अकादमी एशिया की सबसे बड़ी नौसेना अकादमी है। भारत के राष्ट्रपति भारतीय नौसेना के सुप्रीम कमांडर हैं। वॉइस एडमिरल राम दास कटारी 22 अप्रैल 1958 को भारतीय वायुसेना के पहले भारतीय चीफ बने थे। भारतीय नौसेना का नीति वाक्य है शं नो वरुणः अर्थात जल के देवता वरुण हमारे लिए मंगलकारी रहें।

भारतीय नौसेना का कार्य अपनी समुद्री सीमाओं की सुरक्षा करना है। इसके गठन का इतिहास ब्रिटिश काल से जुड़ा है। ईस्ट इंडिया कम्पनी ने भारतीय नौसेना की स्थापना वर्ष 1612 में ब्रिटिश व्यापारियों के जहाजों की सुरक्षा के लिए ईस्ट इंडिया कम्पनी मरीन के रूप में की थी। वर्ष 1686 तक ब्रिटिश व्यापार पूरी तरह से बॉम्बे में स्थानांतरित हो जाने के बाद इस दस्ते का नाम ईस्ट इंडिया मरीन से बदलकर बॉम्बे मरीन कर दिया गया। वर्ष 1892 में इसका नाम रॉयल इंडियन नेवी रखा गया। आजादी के बाद वर्ष 1950 में नौसेना का गठन किया गया। 26 जनवरी 1950 को भारत के लोकतांत्रिक गणराज्य बनने के बाद इसका नाम रॉयल इंडियन नेवी से बदलकर इंडियन नेवी (भारतीय नौसेना) किया गया।

भारत का इस साल का रक्षा बजट करीब 5.25 लाख करोड़ रुपये है और सैन्य ताकत के मामले में भारत दुनिया का चौथा सबसे शक्तिशाली देश है। भारत के अंतरराष्ट्रीय संबंधों को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही भारतीय नौसेना वर्तमान में विशालकाय और एडवांस फीचर से लैस अपने युद्धक पोतों, सबमरीन्स इत्यादि के बलबूते दुनियाभर में चौथे स्थान पर है। नौसेना के पास दो विशाल विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रमादित्य तथा आईएनएस विक्रांत हैं, जिन पर अनेक एयरक्राफ्ट रखे जा सकते हैं और ताकतवर कमांडो फोर्स अथवा भारी मात्रा में जवानों को तैनात किया जा सकता है। नौसेना के पास आईएनएस जलाश्व नाम का एक एंफीबियस वॉरफेयर शिप है, जो एक हमलावर जहाज है, जिसमें नौसैनिकों को लेकर किसी देश के तट पर हमला करने के लिए भेजा जाता है। एंफिबियस वॉरफेयर शिप्स को सपोर्ट करने के लिए मगर, शार्दूल और कुंभीर क्लास के कुल 8 लैंडिंग शिप टैंक्स हैं। नौसेना के पास आठ लैंडिंग क्राफ्ट्स हैं, जो एक प्रकार के बोट्स होते हैं, जिनका उपयोग एंफीबियस ट्रांसपोर्टेशन के लिए किया जाता है।

विशाखापत्तनम, कोलकाता, दिल्ली और राजपूत क्लास के कुल 10 विध्वंसक हैं। ये ऐसे जंगी जहाज होते हैं, जिनका प्राइमरी हथियार गाइडेड मिसाइल्स होती हैं। शिवालिक, तलवार और ब्रह्मपुत्र क्लास में कुल 14 फ्रिगेट्स नौसेना के पास हैं। कमोर्ता, कोरा, खुकरी, वीर और अभय क्लास के कुल 22 कॉर्वेट्स भी हैं। तटीय सुरक्षा, निगरानी, सीमाई सुरक्षा, इमिग्रेशन, लॉ-एनफोर्समेंट, सर्च एंड रेस्क्यू इत्यादि कार्यों के लिए नौसेना के पास सरयू, सुकन्या क्लास के कुल 10 ऑफशोर पेट्रोल वेसल भी हैं। कार निकोबार, बंगारम और त्रिंकट क्लास के 19 पेट्रोल वेसल भी मौजूद हैं। इनके अलावा नौसेना के पास 285 से ज्यादा जहाज, डीजल इलेक्ट्रिक पनडुब्बियां, करीब 140 गश्ती पोत/निगरानी जहाज भी हैं, जो इसे दुनिया में चौथी सबसे मजबूत नौसेना बनाते हैं।

बहरहाल, यह गर्व की बात है कि हिन्द महासागर में ड्रैगन के कब्जे की रणनीति को नाकाम करने के लिए भारत अपनी समुद्री ताकत बढ़ाने के लिए लगातार विध्वंसक युद्धपोतों और पनडुब्बियों के निर्माण में लगा है। इसी कड़ी में आईएनस कलवरी, खंडेरी और आईएनएस करंज के बाद स्वदेशी पनडुब्बी आईएनएस वेला को भी नौसेना में शामिल किया जा चुका है। यह अत्याधुनिक मशीनरी और टैक्नोलॉजी के साथ-साथ घातक हथियारों से भी लैस है। इस सबमरीन को साइलेंट किलर कहा जाता है, जो दुश्मन को उसकी मौत की भनक तक नहीं लगने देती। कुल मिलाकर, भारतीय नौसेना की ताकत दिनों-दिन बढ़ रही है।

# भारत जोड़ो यात्रा के अनुभव से परिपक्व होतें राहुल गांधी

नरेंद्र तिवारी 'पत्रकार'

**भारत** जोड़ो यात्रा ने आधे से अधिक सफर तय कर लिया है। अब यह जानना बहुत मुनासिब होगा कि इस यात्रा ने अपने घोषित एवं अघोषित उद्देश्यों को पूरा करने में कितनी सफलता प्राप्त की है। यात्रा के प्रमुख उद्देश्य भय कट्टरता की राजनीति में क्या परिवर्तन हुआ है? महंगाई, बेरोजगारी और किसानों की समस्याओं पर यात्रा क्या प्रभाव डाल पाई है? घोषित उदेश्यों के अलावा अघोषित उद्देश्य जिसमें लगातार कमजोर होती कांग्रेस को मजबूती प्रदान करना, कांग्रेस पार्टी के निराशा में डूबे कार्यकर्ताओ में उत्साह का संचार करना, सबसे प्रमुख नेहरू-गांधी परिवार के वंशज ओर कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी की छवि में निखार लाना। इन घोषित एवं अघोषित उदेश्यों की प्राप्ति में भारत जोड़ो यात्रा आधे सफर के बाद कहां खड़ी है। दिसम्बर महीने की पहली तारीख को यात्रा मध्यप्रदेश के उज्जैन से अपने निर्धारित मार्ग पर आगे बढ़ रही थी। 7 सितम्बर 2022 को कन्याकुमारी से आरम्भ हुई कांग्रेस की महत्वाकांक्षी भारत जोड़ो पदयात्रा के संदर्भ में शुरूवातीं दौर में तरह-तरह के कयास लगाए जा रहे थै। केरल, कर्नाटक, आंध्रप्रदेश, तेलंगाना ओर महाराष्ट्र में जब भारत जोड़ो यात्रा में जनसैलाब उमड़ता दिखाई दे रहा था। तब भाजपा के नेताओं और प्रवक्ताओं का कहना था कि दक्षिण में कांग्रेस का प्रभाव हैं। यात्रा जब मध्य प्रदेश में प्रवेश करेगी तब असल परीक्षा शुरू होगीं। भारत जोड़ो यात्रा ने अपने तयशुदा कार्यक्रम के अनुसार 23 नवम्बर को निमाड़ मॉलवा की हल्की-हल्की सर्द हवाओं के मध्य महाराष्ट्र राज्य से मध्यप्रदेश के बुरहानपुर जिले में प्रवेश किया तो यात्रा में नवीन रंग भर चुके थै। मध्यप्रदेश में प्रवेश करतें ही सर्दी में भी यात्रा ने माहौल में गर्मी पैदा कर दी थी। खंडवा-खरगोन जिलों में निमाड़ के आदिवासी रंगों की झांकी देखने को मिल रही थी। निमाड़-मॉलवा ने जो स्नेह कांग्रेस के पूर्व प्रधान मंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी ओर स्वर्गीय राजीव गांधी को दिया था। अमूमन वैसा ही या कहें उससे कुछ कम ज्यादा स्नेह भारत जोड़ों यात्रा में शामिल होकर राहुल गांधी को भी दिया है। निमाड़ का स्नेह और दुलार पाकर भारत जोड़ों यात्रा ने जब देवी अहिल्या की नगरी इंदौर में प्रवेश किया तो वातावरण बिल्कुल बदल चुका था। भाजपा के नेताओं और प्रवक्ताओं के बयान मिथ्या साबित हो चुके थै। इंदौर मेहमानों की आगवानी के अपने घोषित चरित्र पर फिर खरा उतरा। इस शहर ने भारत जोड़ों यात्रा को उस ऊंचाई पर पहुचा दिया जिन उदेश्यों को लेकर यह निकाली जा रहीं हैं। महाकाल की नगरी उज्जैन में प्रवेश करते ही कांग्रेस नेता राहुल गांधी जैसे बदले-बदले नजर आ रहे थै। इंदौर-उज्जैन के अपने भाषणों में राहुल अपने विरोधियों द्वारा गढ़ी गयी छवि को एकदम झुटलातें हुए दिखाई दिए। जब उन्होंने वर्तमान केंद्र सरकार पर तपस्वियों की अनदेखी का आरोप लगाया तो लगा राहुल के लहजे ओर शब्दों में एक अनुभवी नेता की गम्भीरता आ चुकी हैं। अवंतिका नगरी में किसानों, मजदूरों , बेरोजगारों को तपस्वी की उपमा देने का अंदाज यह साबित कर रहा था कि भारत जोड़ों यात्रा के अनुभव ने एक परिपक्व राहुल गांधी का निर्माण कर दिया है। दरअसल पैदल यात्रा के अपने अनुभव हैं। विविधता लिए भारत मे कोस-कोस पर पानी बदले ओर चार कोस पर वाणी बदल जाती हैं। वाणी और पानी के साथ नागरिकों की जरूरतों और समस्याओं में भी भिन्नता आ जाती हैं।

इस विविधता को नागरिकों के मध्य जाकर ही समझा जा सकता है। विभिन्न संस्कृतियों, रीतिरिवाजों, खान-पान ओर पहनावों की यहीं विशेषता ही भारत का असली सौंदर्य हैं। इसी विविधता रूपी खूबसूरती को समझकर भारत को समझा जा सकता हैं। भारत जोड़ों यात्रा भी भारत की इस विविधता को समझने का प्रयोग हैं। राहुल गांधी के लिए अवसर था, राहुल ने इस अवसर का भरपूर लाभ उठाते हुए जनता का स्नेह पाया और प्यार लुटाते हुए भी दिखाई दिए। उनका गरीबों को गले लगाना, बच्चो के जूतों के लेस बांधना, गिरती बरसात के मध्य अपने भाषणों को जारी रखना, बुजुर्गों से आशीर्वाद लेना, दिव्यांगों से मिलना, कलाकारों की समस्याओं को सुनना, पुराने पार्टी कार्यकर्ताओ से मुलाकात करना, महिलाओं को सम्मान देना और सबसे अधिक आमलोगों से जुड़ी समस्याओं मंहगाई, बेरोजगारी आदि को लेकर लगातार मुखर रहना। यह सब राहुल के नए रूप को दशार्ने वाले प्रतीत हो रहा है। उनका आम आदमी जैसा व्यवहार भी उन्हें खास बनाता हैं। देश के श्रमिक, आदिवासी, शोषित, दलित वर्ग जिनका विश्वास इंदिरा गांधी, राजीव गांधी और कांग्रेस पर था।

## अकेला चना और भाड़

डॉ. सुरेश कुमार

**वास्तव** में सम्मेलन उन लोगों का समूह होता है जो अकेले तो कुछ नहीं कर सकते, लेकिन समूह बनने पर तीसमार खाँ बनने का दावा ठोंकते हैं। यहाँ कुछ हासिल करने से ज्यादा समय-पैसे खर्च करने के बढ़िया बहाने खोजे जाते हैं। इनके निरंतर चलने से बिस्कुट जैसे नरम और चाय जैसे गरम लोगों का मेल-मिलाप होता है, जो कि ऐसे संदर्भों में एक-दूसरे के पूरक का काम करते हैं। देखा जाए तो हमारे सम्मेलनों में पूरी तरह से लोकतांत्रिक पद्धति का पालन किया जाता है। यहाँ प्रतिभाओं से अधिक संविधान का और संविधान से अधिक उसका अपने हिसाब से इस्तेमाल करने वालों का आदर-सत्कार किया जाता है। यही कारण है कि हमारे यहाँ सम्मेलनों की पूंछ हनुमान जी की पूंछ से भी लंबी होती है। सम्मेलन की क्षमता सुनने-देखने से ज्यादा करने में होती है। उदाहरण के लिए हमारा देश पिछड़ा हुआ है, ऐसा कहेंगे तो देशभक्तों को गुस्सा आ जाएगा। हो सकता है कि बदले में कोई हमें पाकिस्तान भी जाने के लिए कह दे। इसीलिए हमने इन्हीं सम्मेलनों के चलते बीच का रास्ता अपनाया है। देश को विकासशील जैसी सुंदर संज्ञा देकर बाहर से शेरवानी और अंदर से परेशानी वाली जैसी छवि का निर्माण किया है। ऐसा करने से कानों को सुकून मिलता है और चेहरे पर बनावटी मुस्कान बनी रहती है। सम्मेलन कई तरह के होते हैं। उन्हीं में एक तरह का सम्मेलन है- ह्यमुद्दे को कैसे भटकाया जाए?ह्ल यह आजकल बड़े जोरों पर है। उदाहरण के लिए जब विपक्ष फलानी चीज की खरीद-फरोख्त में भ्रष्टाचार का आरोप लगाता है तब जनता का ध्यान भटकाने के लिए सरकार फलाने पर गोलीबारी करवा देती है।

# प्रधानाध्यापक-शिक्षामित्र को डीएम ने किया निलम्बित

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने नगर निकाय चुनाव के मद्देनजर मतदान स्थल का औचक निरीक्षण किया। पूर्व माध्यमिक विद्यालय छिपिहा ब्लाक मऊ के निरीक्षण में विद्यालय में मेन्यू के हिसाब से खाने के बारे में जानकारी की। उन्होंने कहा कि भोजन की गुणवत्ता में सुधार करें।



शनिवार को जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने बच्चों के क्लास रुम के ही अन्दर फर्नीचर में बैठाकर खाना खिलाने को कहा। बच्चों की डेज्स देखकर सख्त हिदायत दी कि सरकार ने जब बच्चों को डेज्स की सुविधायें दे रही है तो डेज्स कोड में बच्चे क्यों नहीं आ रहे हैं। निरीक्षण दौरान इंचार्ज प्रधानाध्यापक मो मसरुर बिना छुट्टी लिए स्कूल से गैरहाजिर मिले। उन्होंने खण्ड शिक्षाधिकारी कृष्णदत्त पाण्डेय को प्रधानाध्यापक को निलम्बित करने के निर्देश दिये। शिक्षामित्र से पूंछा कि कायाकल्प के तहत कार्य हो रहा है या नहीं। निरीक्षण में शिक्षामित्र साधना सिंह अपनी हाजिरी बनाकर गैरहाजिर रहीं। जिलाधिकारी के आने की आहट पर प्रधानाध्यापक सब्बीना सिद्दीकी ने उनकी हाजिरी काटने की कोसिस की। जिलाधिकारी ने फटकार लगाते हुए प्रधानाध्यापक के एक वेतनवृद्धि रोकने और साधना सिंह को निलम्बित करने के निर्देश दिये।

जिलाधिकारी महामति प्राणनाथ महाविद्यालय के कक्ष संख्या 4 व कक्ष संख्या दो में स्मार्ट क्लासेस का निरीक्षण किया। एसडीएम से कहा कि पोलिंग बूथ की अच्छी व्यवस्था होनी चाहिए। आवागमन के लिए मार्ग भी होना चाहिए। किसी प्रकार का हादसा न हो, चाकचैबंद व्यवस्था होना चाहिए। संवेदनशील और अतिसंवेदनशील बूथों को चिन्हित करने के निर्देश दिये। इस मौके पर एसडीएम मऊ नवदीप शुक्ला, ईओ बीएन कुशवाहा, खण्ड शिक्षाधिकारी कृष्णदत्त पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

# तहसील स्तर पर ही निपटें समस्यायें: डीएम

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में तहसील में लगे समाधान काउंटरों का निरीक्षण कर कहा कि भूमि संबंधी व अन्य मामले एक सप्ताह के भीतर शासन की मंशानुरुप निस्तारित करें।




शनिवार को तहसील मऊ सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए डीएम अभिषेक आनन्द ने तहसील में लगे समाधान के विभिन्न काउंटरों को देखकर कहा कि आज जो मामले आये हैं। उनका निस्तारण एक सप्ताह में करायें। मुख्यमंत्री गुणवत्ता को लेकर बार-बार निर्देश दे रहे हैं कि समस्याओं का निदान सही ढंग से तहसील, थाना, ब्लाक स्तर पर हो जाये तो जिला मुख्यालय व शासन तक प्रार्थना पत्र नहीं पहुंच सकते। उन्होंने एसडीएम मऊ नवदीप शुक्ला से कहा कि तालाब, सडक व अन्य सरकारी भूमि पर अवैध कब्जों को तत्काल पुलिस बल के साथ हटायें। भूमि संबंधी मामलों में राजस्व व पुलिस टीम मौके पर जाकर निस्तारित करें। उन्होंने ईओ बीएन कुशवाहा को निर्देश दिये कि अन्ना पशुओं को लेकर कोई समस्या हो तो तत्काल गौशाला भिजवायें।

सम्पूर्ण समाधान दिवस पर एसडीएम नवदीप शुक्ला, पीडी ऋषिमुनि उपाध्याय, डीपीआरओ तुलसीराम, डीडीओ आरके त्रिपाठी, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, डीडीए कृषि राजकुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक बलिराज राम, बीएसए लवप्रकाश यादव, डीपीओ मनोज कुमार, बीडीओ श्रवण गुप्ता, तहसीलदार राजेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# जेल से रिहा हुए सपा विधायक नाहिद हसन

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सूबे के कैराना से सपा विधायक नाहिद हसन को गैंगेस्टर एक्ट के मामले में जमानत मिलने पर रिहाई का परवाना चित्रकूट जेल पहुंचा है। उन्हें जेल से आज सवेरे नौ बजे रिहा कर दिया गया। रिहा होने पर समर्थकों में खुशी की लहर है। ज्ञात है कि सपा विधायक नाहिद हसन व उनकी मां पूर्व सांसद तबस्सुम हसन समेत 40 लोगों के खिलाफ 21 फरवरी 2021 को गैंगेस्टर एक्ट का मुकदमा दर्ज किया गया था। विधानसभा चुनाव से पहले 15 जनवरी 2022 को नाहिद हसन को गिरफ्तार किया गया था। उन्हें एमपी एमएलए कोर्ट कैराना में पेश किया गया था। जहां से उन्हें न्यायिक



हिरासत में मुजफ्फरनगर जेल भेजा गया था। नाहिद के अधिवक्ता ने हाईकोर्ट में प्रार्थना पत्र दाखिल किया था। 28 सितम्बर 2022 को मुजफ्फरनगर जेल से उन्हें चित्रकूट जेल में सिफ्ट किया गया था। अब सपा विधायक नाहिद हसन को हाईकोर्ट से जमानत मिलने पर शनिवार को सवेरे नौ बजे जेल से रिहा कर दिया गया है। जेल से छूटने के बाद मीडिया कर्मियों से सपा विधायक नाहिद हसन मुंह छिपाते नजर आये। बीते दो माह से मुजफ्फरनगर जेल से चित्रकूट जेल में आने पर इलाहाबाद हाईकोर्ट ने विधायक के स्वास्थ्य को देखते हुए जमानत देने के आदेश जारी किये थे। सपा जिलाध्यक्ष अनुज सिंह यादव ने विधायक नाहिद हसन के जेल से छूटने पर माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया।

# बारातियों से भरी जीप-पुलिस जीप में भिड़न्त, एमपी के सिपाही की मृत्यु, आठ घायल

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** बारातियों से भरी बुलेरो जीप व पुलिस जीप में टक्कर होने से मप्र पुलिस के एक सिपाही की मृत्यु हो गई। दूसरे पक्ष से आठ लोग घायल हो गये। ये हादसा रैपुरा थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे भखरवार मोड के पास शनिवार को हुआ। बताया गया कि एक बारात के कुछ बाराती बुलेरो से मऊ की ओर जा रहे थे। तभी मऊ की ओर से एमपी के नयागांव थाना के एसडीओपी अपने पुलिस कर्मियों के साथ कर्वी की ओर आ रहे थे। इसी



बीच रास्ते में दोनों वाहनों की आमने-सामने जोरदार भिडन्त हो गई। हादसा इतना खतरनाक था कि बुलेरो जीप के परखच्चे उड गये हैं। हादसे में एसडीओपी आशीष जैन (32) पुत्र ऋषभ जैन को घायल होने पर भर्ती कराया गया है। उनके वाहन चालक पुष्पेन्द्र सिंह (32) पुत्र लखन सिंह निवासी सुकुलपुर लालपुर इटावा की मृत्यु हो गई है। बारात से लौट रही बुलेरो में सवार रामलाल (18), राहुल (14), राकेश (30), कुलदीप (15), दीओल (16), नत्थू (65), सोनू (10) और चालक सद्दाम (35) घायल हुए हैं। मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को इलाज को रामनगर स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया है। सिपाही के शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा है। दोनों वाहनों को क्रेन से रास्ते से हटवा दिया है। फिलहाल जांच-पडताल जारी है।

## सफीपुर कोतवाल अवनीश कुमार सिंह ने गैंगस्टर एक्ट में वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**उन्नाव।** पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक व क्षेत्राधिकारी सफीपुर श्रीमती माया राय के कुशल पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना सफीपुर पुलिस द्वारा गैंगस्टर एक्ट में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली सफीपुर के प्रभारी निरीक्षक




अवनीश कुमार सिंह तथा उ.नि. सतेन्द्र कुमार दिवाकर मय हमराह हे.का. चन्द्रप्रकाश तिवारी द्वारा थाना सफीपुर पर पंजीकृत मु0अ0सं0 407/22 धारा 2/3 उ0प्र0 गिरोहबन्द समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम 1986 में वांछित अभियुक्त सरवर पुत्र अनवर निवासी मो. पडरिया कस्बा व थाना सफीपुर जनपद उन्नाव उम्र करीब 30 वर्ष को मुकदमा के विवेचक थानाध्यक्ष मांखी की हुकुम तहरीरी पर ब्लाक तिराहा कस्बा सफीपुर टेम्पो स्टैण्ड के पास से गिरफ्तार किया गया। उक्त अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली टीम में रलड अवनीश कुमार सिंह,उ. नि. सतेन्द्र कुमार दिवाकर, हे. का. चन्द्रप्रकाश तिवारी का. ओमनारायण आदि शामिल रहे।

## सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्वाचन आयोग के नामावलियों की दी जानकारी

**अखंड भारत संदेश**

**उन्नाव।** सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती शकुन्तला सिंह ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार अर्हता तिथि 01जनवरी 2023 के आधार पर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों की फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-आलेख्य प्रकाशन 9 नवम्बर 2022 को किया जा चुका है। इस सम्बन्ध में 8 दिसम्बर 2022 तक दावे आपत्तियां प्राप्त की जा रही है। उन्होंने यह भी बताया है कि विशेष अभियान 4 दिसम्बर 2022 (रविवार) को चतुर्थ निर्धारित तिथि है। निर्धारित चतुर्थ तिथि में प्रत्येक मतदान केन्द्र पर संबंधित नियुक्त बी.एल.ओ., पदाभिहीत अधिकारी एवं सुपरवाइजरों की उपस्थिति प्रातः 10 बजे से सायं 4 बजे तक अनिवार्य की गयी है।

## मुख्य विकास अधिकारी ऋषि राज ने जनता की सुनी समस्याएं समस्याएं सुनीं



**अखंड भारत संदेश**

**उन्नाव ।** जानकारी के अनुसार संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर तहसील हसनगंज में सीडीओ ऋषि राज द्वारा विभिन्न विभागों की कुल 97 शिकायतें सुनीं गयीं। जिसमें से 2 शिकायतों का ही मात्र मौके पर निस्तारण कराया जा सका। शिकायतों में राजस्व विभाग की संपूर्ण समाधान दिवस में 37, पुलिस विभाग की 19, विकास विभाग की 21 तथा अन्य विभागों की 20 शिकायतें प्राप्त हुई। मुख्य विकास अधिकारी ने प्राप्त शिकायतों के निस्तारण हेतु सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त हुई शिकायतों का समयान्तर्गत गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण करना सुनिश्चित किया जाए। विवादित जमीनों से सम्बन्धित शिकायतों का निस्तारण पुलिस एवं राजस्व विभाग की टीम बनाकर किया जाए। इस अवसर पर एसडीएम हसनगंज अंकित शुक्ला, तहसील दार जीतेन्द्र कुमार सिंह सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## चार दिसम्बर को मतदान केन्द्र पर रहेंगे अधिकारी: एसडीएम

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** एसडीएम सदर राजबहादुर ने कहा है कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी/उपजिला निर्वाचन अधिकारी ने प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के हवाले से बताया है कि एक जनवरी 2023 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के संक्षिप्त पुनरीक्षण का कार्यक्रम निर्धारित किया गया है।

शनिवार को एसडीएम सदर राजबहादुर ने बताया कि विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावलियों का आलेख्य प्रकाशन नौ नवम्बर, दावे-आपत्तियां प्राप्त करने की तिथि नौ नवम्बर से आठ दिसम्बर तक होगी। विशेष अभियान 12 नवम्बर, 20 नवम्बर, 26 नवम्बर व चार दिसम्बर को दावे-आपत्तियों का निस्तारण किया जायेगा।

उन्होंने बताया कि 26 दिसम्बर तक निर्वाचक नामावलियों का अन्तिम प्रकाशन पांच जनवरी 2023 को होगा। आयोग के निर्देश के क्रम में विशेष अभियान तिथि चार दिसम्बर को सभी पदाभिहीत अधिकारियों एवं बूथ लेबिल अधिकारी अपने संबंधित मतदान केन्द्र पर दावे-आपत्तियां प्राप्त करने को मौजूद रहेंगे।

## पांच को भाकियू करेगा आन्दोलन: राम सिंह राही

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** भाकियू जिलाध्यक्ष राम सिंह राही ने कहा कि विद्युत विभाग की बेमियादी हड़ताल के चलते खेती बर्बाद हो रही है। सरकार और जिला प्रशासन विद्युत विभाग की समस्याओं के निस्तारण पर क्यों गम्भीर नही है। शनिवार को भाकियू जिलाध्यक्ष राम सिंह राही ने कहा कि बिजली विभाग के कर्मचारियों की जायज मांगों व संविदा कर्मियों की इस हड़ताल का समर्थन करते हैं। सरकार आखिर क्यों तानाशाही कर रही है। जनता के हित में जो मांगे हैं उन पर ध्यान क्यों नही दिया जा रहा। सरकार और कर्मचारियों की इस लड़ाई में किसानों की खेती बर्बाद हो रही है। इसकी जिम्मेदार सरकार है, सरकार को जल्द ही विचार करना होगा।

भाकियू जिला मीडिया प्रभारी देवेन्द्र सिंह ने बताया कि दो दिनों के अन्दर किसानों को बिजली न मिली तो पांच दिसम्बर से भाकियू आन्दोलन को बाध्य होगा। इसकी जिम्मेदारी सरकार व जिला प्रशासन की होगी। किसानों को न खाद मिल पा रही है और न बिजली। ऐसे में किसान जिला मुख्यालय में आन्दोलन को मजबूर होगा।

## बांगरमऊ में तीन घरों को चोरों ने बनाया निशाना लाखों रुपए के सामान की हुई चोरी

**अखंड भारत संदेश**


**बांगरमऊ उन्नाव ।** बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के गांव सुल्तानपुर में चोरों ने चोरी की वारदात को अन्जाम दिया। जानकारी के अनुसार जाकिर और जाहिर पुत्र गफ्फार दूसरे प्रान्त में रह कर काम करते हैं। और घर पर दोनों की पत्नियां रहतीं हैं। जब यह लोग गहरी नींद में सो रहे थे। तभी चोरों ने मौका पाकर घर में घुस कर जेवरात और नकदी समेत अन्य



कई चीजों पर हाथ साफ कर दिया। तथा बगल में बने एक पड़ोसी के यहां पर भी चोर हांथ साफ कर निकल गए। सुबह जब देखा गया तो घर से थोड़ी दूर पर बक्सा टूटा हुआ पड़ा था। और कीमती समान गायब था पुलिस को सूचना मिलते ही वह मौके पर पहुंच गई। और परिजनों से पूछताछ करने लगी। परिजनों ने तहरीर देने के लिए कहा है।

# खतौली चुनाव में भाजपा, रालोद ने झोंकी ताकत, दलित वोट बना ट्रंपकार्ड

**खतौली । पश्चिम यूपी** के मुजफ्फरनगर की खतौली सीट पर उपचुनाव हो रहा है। मतदान का दिन नजदीक आने के साथ-साथ जातीय समीकरण साधने के लिए भाजपा और सपा-रालोद गठबंधन ने पूरी ताकत झोंक दी है। इस सीट पर दलित वोट ट्रंप कार्ड साबित हो सकता है। भड़काऊ भाषण मामले में विधायक विक्रम सैनी को सजा मिली, जिससे इस सीट पर चुनाव हो रहा है। भाजपा ने इस सीट पर विक्रम सैनी की पत्नी राजकुमारी सैनी को चुनाव मैदान में उतारा है तो रालोद ने मदन भैया पर दांव लगाया है। रालोद को सपा का समर्थन है। यहां पिछले चुनाव में बसपा तीसरे स्थान पर रही थी, पर इस बार चुनाव मैदान में नहीं है। ऐसे में मुकाबला आमने-सामने का है। जयंत चौधरी ने बड़ी-बड़ी सभाओं से माहौल बनाना शुरू किया है। वहीं भाजपा की तैयारी भी काफी मजबूत है। इस सीट पर दलित वोटर 50 हजार से ज्यादा हैं। भाजपा ने दलितों को जोड़ने के लिए पूरी टीम उतारी है। मंत्रियों और प्रदेश पदाधिकारियों की फौज उतारी रखी है। प्रदेश संगठन मंत्री धर्मपाल ने खुद जाकर दो तीन बार



इस सीट पर व्यक्तिगत बूथ स्तर तक की मीटिंग कर चुके हैं। प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी इस सीट को जीतने के लिए कई बैठकें कर चुके हैं।

पश्चिमी यूपी की नब्ज को समझने वाले कहते हैं कि कांग्रेस व बसपा के प्रत्याशी मैदान में न होने से रालोद और भाजपा में सीधी टक्कर है। रालोद जाट-गुर्जर-मुस्लिम समीकरण के साथ-साथ दलित वोटों को भी पाले में खींचने के प्रयास में जुटी है। खतौली सीट को रालोद हर हाल में जीतना चाहती है। इसलिए उसने पूरी ताकत लगा रखी है। दलित वोट को छिटकने से बचाने के लिए चंद्रशेखर को लगाया है। हालांकि वह दलित वोट पाने में कितने कामयाब होंगे। यह तो आने वाला चुनाव परिणाम बताएगा। रालोद के एक पदाधिकारी ने बताया कि पार्टी ने खतौली विधानसभा सीट को 35 सेक्टर में बांटा है। हर सेक्टर में 50 कार्यकताओं की टीम लगी है, जो घर-घर जाकर मतदाताओं से संपर्क कर रहे हैं।

# 'बदजुबानी दुर्गति कराती है, वक्त सबको सुधार देता है'

**रामपुर । यूपी** के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कहा कि बदजुबानी दुर्गति कराती है, वक्त सबको सुधार देता है। आजम खां शुक्रवार को रामपुर पहुंचे। इस दौरान यहां विधानसभा उपचुनाव के लिए भाजपा प्रत्याशी आकाश सक्सेना के पक्ष में जनसभा की। कहा कि पिछले पांच वर्षों में जिसने सबसे अधिक चुनाव-उपचुनाव झेला है। उनमें से रामपुर भी एक है। पहले जनता से समर्थन लेना, फिर उस पद से इस्तीफा दे देना। बार-बार चुनाव होना यह रामपुर के विकास को बाधित करता है। बार-बार के चुनाव से मुक्ति पाइए, रामपुर को विकास के पथ पर ले जाइए। सीएम के निशाने पर आजम खां रहे। बिना



नाम लिए मुख्यमंत्री ने कहा कि बदजुबानी दुर्गति कराती है, वक्त सबको सुधार देता है। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक सौंदर्य, आजादी की लड़ाई में अग्रणी भूमिका निभाने, यहां के हस्तशिल्पियों द्वारा रामपुरी चाकू, वायलिन व जरी जरदोजी के माध्यम से रामपुर की वैश्विक पहचान रही। किन लोगों ने रामपुर की इस पहचान को समाप्त किया। रामपुर चंद अवसरवादी चेहरों में घिरकर तड़पता दिख रहा था, लेकिन साढ़े 8 वर्ष में पीएम मोदी के नेतृत्व में केंद्र व साढ़े 5 वर्ष में भाजपा सरकार को आपने कार्य करते देखा। कोई नहीं कह सकता कि चेहरा देखकर शासन की योजनाओं का लाभ दिया गया हो। सीएम ने कहा कि 2014 में पीएम ने सबका साथ, सबका विकास की घोषणा की थी। कोरोना काल में सभी धर्म-मजहब के लोगों को उपचार, टेस्ट व वैक्सीन मिला। सपाई अफवाह फैला रहे थे, लेकिन यही वैक्सीन इलाज में कारगर हुई। डबल डोज के साथ फ्री में प्रिकाशन डोज भी मिली। डबल इंजन सरकार ने बिना चेहरा देखे हर गरीब को डबल डोज राशन दिया। 45 लाख गरीबों को पीएम आवास, 2.61 करोड़ ग्रामीण, 10 लाख लोगों को शहरी क्षेत्र में शौचालय का लाभ मिला। 15 करोड़ गरीबों को राशन, 1 करोड़ वृद्धजनों निराश्रितों व दिव्यांगजनों को 12 हजार सालाना पेंशन उपलब्ध करा रहे हैं। 2.44 करोड़ किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि, 1.43 करोड़ किसानों को बिजली कनेक्शन, 1.63 करोड़ से अधिक महिलाओं को उज्?जवला योजना के तहत गैस कनेक्शन उपलब्ध कराए गए। यूपी का नागरिक है और पात्रता की श्रेणी में आता हो, उसे योजना का लाभ मिला।

# समाज के लिए बहुत कुछ करने के तलबगार हैं रामबाबू

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** कर्वी नगर पालिका सीट के पिछडे वर्ग के प्रत्याशी के लिए आरक्षित होने पर सबसे ज्यादा आशान्वित समाजसेवी/भाजपा जिलामंत्री रामबाबू गुप्ता हैं। चर्चा है सीट के पिछडे वर्ग के आरक्षित होने पर भाजपा से समाजसेवी रामबाबू गुप्ता को ही टिकट मिलेगा, ऐसे में उनकी जीत भी तकरीबन सम्भव प्रतीत होती है।

यूं तो काफी समय से कर्वी नगर पालिका सीट के सामान्य होने पर मौजूदा नगर पालिका अध्यक्ष नरेन्द्र गुप्ता पूरी तरह से भाजपा से टिकट मिलने के प्रति आश्वस्त हैं।

इस सीट पर चुनाव लडने को तमाम प्रत्याशी दावेदार हैं। उन दावेदारों में प्रबल दावेदार महेश साहू उर्फ मट्ठू साहू, शानू गुप्ता, बसपा से अतुल कुमार द्विवेदी बरिया, सुशील श्रीवास्तव, रमेश कुरील लाइन में लगे हैं। ऐसे में सीट के पिछडे वर्ग के लिए आरक्षित होने पर सिर्फ दो ही दावेदार रामबाबू गुप्ता व महेश उर्फ मट्ठू साहू ही प्रबल दावेदारी कर



सकते हैं। इनमें महेश उर्फ मट्ठू साहू की पैरवी जिले के एक दिग्गज भाजपाई कर रहे हैं तो रामबाबू गुप्ता की पैरवी में भी भाजपा जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश खरे समेत तमाम भाजपाई जुटे हैं। जो भाजपाई नहीं चाहते कि रामबाबू गुप्ता की प्रत्याशिता क्लीयर हो, वह भी रामबाबू के मामले में खामोशी धारण किये हैं। रामबाबू की प्रत्याशिता के प्रति तकरीबन सभी लोग मन बनाये हैं।

रामबाबू की मिलनसारिता और सभी लोगों के प्रति सहृदयता और समाज के प्रति उनके योगदान को देखते हुए इस बार के चुनाव में वह सशक्त दावेदार के रुप में उभरकर सामने आ सकते हैं। रामबाबू नगर पालिका चुनाव लडने के प्रति खासे उत्साहित भी नजर आ रहे हैं। उनकी मंशा है कि उनके पास सब कुछ तो है, लेकिन समाज के लिए वह और भी बहुत कुछ करने के तलबगार हैं। ये तभी सम्भव हो सकता है, जब वह किसी पद पर आसीन हों। ऐसे में वह इस बार नगर पालिका अध्यक्ष पद का कोई मौका हाथ से निकलने नहीं देना चाहते।

# भारत और अमेरिका मिलकर करेगा वैश्विक चुनौतियों से सामना: बाइडन

## अमेरिकी राष्ट्रपति ने भारत को अमेरिका का मजबूत साझीदार बताया

**वाशिंगटन।** भारत को जी 20 की अध्यक्षता मिलने पर अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने खुशी जताते हुए भारत को अमेरिका का मजबूत साझीदार बताया है।

उन्होंने कहा कि जी 20 देशों की अध्यक्षता के दौर में वह अपने मित्र प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का पूरा समर्थन करेंगे।

राष्ट्रपति बाइडन ने एक ट्वीट में कहा कि वह भारत के साथ बेहतर होते संबंधों में भी विकास का क्रम देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि दोनों देश मिलकर वैश्विक चुनौतियों वाले क्षेत्र-पर्यावरण, ऊर्जा और खाद्य समस्या पर



कार्यों को आगे बढ़ाएंगे।

दरअसल, गुरुवार को प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था कि जी 20 की अध्यक्षता मिलने के अवसर को वह नई संभावनाओं के द्वार खुलने के तौर पर देख रहे हैं। भारत एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य की अवधारणा लेकर सबके साथ मिलकर कार्य करने का इच्छुक है।

उल्लेखनीय है कि वर्ष 2023 के लिए भारत को दुनिया के 20 के सबसे ज्यादा संपन्न और औद्योगिक देशों के संगठन जी 20 की अध्यक्षता मिली है और गुरुवार को भारत औपचारिक रूप से जी 20 का अध्यक्ष देश बन गया।

# वक्त के साथ और मजबूत हुए हैं भारत-बांग्लादेश संबंध: बांग्लादेश के शिक्षा मंत्री

## बांग्लादेश के शिक्षा मंत्री ने कोलकाता में आठवें बांग्लादेश पुस्तक मेले का किया उद्घाटन

**कोलकाता।** बांग्लादेश की शिक्षा मंत्री दीपू मोनी ने कहा है कि वक्त के साथ भारत-बांग्लादेश संबंध और मजबूत हुए हैं। शिक्षा मंत्री दीपू मोनी कोलकाता में कॉलेज स्क्वायर में आयोजित आठवें बांग्लादेश पुस्तक मेले के उद्घाटन के बाद संबोधित कर रहे थे।

बांग्लादेश के शिक्षा मंत्री ने कहा कि बांग्लादेश की आजादी के लिए हुए मुक्ति संग्राम के दौरान हमारे लोगों द्वारा दिए गए बलिदान और भारत से हमें मिले समर्थन से रिश्ते मजबूत हुए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और बांग्लादेश की




प्रधानमंत्री शेख हसीना ने इस रिश्ते को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। हमारे पास गरीबी, आतंकवाद, अशिक्षा जैसे दुश्मन हैं और हमें इनसे एक साथ लड़ना है। मोदी और शेख हसीना इस क्षेत्र के लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने के एजेंडे को आगे बढ़ाने में जी-20 में रचनात्मक भूमिका निभाएंगी। उल्लेखनीय है कि कोलकाता में बांग्लादेश पुस्तक मेले का आयोजन वर्ष 2011 से शुरू हुआ था। पिछले दो साल वैश्विक महामारी कोरोना की वजह से इसका आयोजन नहीं हो सका था। 2014 के बाद से कार्यक्रम को केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं रखा गया बल्कि सांस्कृतिक आयोजन भी हो रहे हैं। यह पुस्तक मेला 11 दिसंबर तक चलेगा।

# यूक्रेन संकट पर नई दिल्ली निष्क्रिय नहीं, दोनों पक्षों से हो रही है वार्ता: रुचिरा कंबोज

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने कहा है कि रूस-यूक्रेन युद्ध में भारत दोनों पक्षों से बात कर रहा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि नई दिल्ली इस युद्ध को लेकर 'निष्क्रिय' नहीं है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की दिसंबर महीने के लिए अध्यक्ष रुचिरा ने कहा कि भारत ने शांति का पक्ष लिया है और कूटनीति एवं संवाद के जरिये तनाव कम करने का समर्थन किया है।

उल्लेखनीय है कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की एक-एक महीने के लिए क्रमवार मिलने वाली अध्यक्षता के तहत दिसंबर माह में इस पद की जिम्मेदारी भारत ने संभाली। 15 सदस्यीय इस निकाय की अध्यक्षता करने के दौरान भारत आतंकवाद की रोकथाम और बहुपक्षीय सुधार को लेकर कई प्रमुख कार्यक्रमों की मेजबानी करेगा। भारत की इस अध्यक्षता के साथ ही उसकी सुरक्षा परिषद की दो साल की सदस्यता की अवधि भी समाप्त हो जाएगी, क्योंकि परिषद में अस्थायी सदस्यों का केवल दो साल का कार्यकाल होता है।

कंबोज ने संवाददाता सम्मेलन में जोर देकर कहा कि भारत और रूस महत्वपूर्ण संबंधों को साझा करते हैं। उन्होंने कहा- 'भारत बहुत बड़ा देश है। वह अपने पैरों पर




खड़ा है और उसे स्वयं पर गर्व है। जहां तक यूक्रेन संघर्ष का सवाल है, तो हम शुरू से ही अपने रुख को लेकर स्पष्ट हैं। हमने एक स्वर में शांति की बात की। हमने शांति का पक्ष लिया और समाधान के लिए कूटनीति और संवाद का समर्थन किया।'

रुचिरा कंबोज ने यह टिप्पणी रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव के बयान के बारे में पूछे गए सवाल पर की। लावरोव ने कहा था कि नाटो भारत को रूस विरोधी और चीन विरोधी गठबंधन में खींचना चाहता है। उन्होंने कहा- 'प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और विदेश मंत्री एस जयशंकर 'दोनों पक्षों से बात कर रहे हैं।'

कंबोज ने कहा-'हम उन कुछ देशों में हैं जो दोनों पक्षों से बातचीत करने की हिम्मत रखते हैं।' इसके साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री की उस टिप्पणी का भी उल्लेख किया जिसमें उन्होंने कहा था कि 'यह युद्ध का युग नहीं है'। इस टिप्पणी को वैश्विक मान्यता मिली है औरहाल में इंडोनेशिया के बाली में अंगीकार किए गए जी-20 घोषणापत्र में भी इसे जगह दी गई है। संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि ने कहा कि भारत को मानवीय स्थिति की जानकारी है और उसने चिकित्सा मदद की 12 खेप यूक्रेन भेजी है और वहां शिक्षण संस्थानों के निर्माण के लिए वित्तीय मदद की है। उन्होंने कहा- 'साथ ही हमारे रूस के साथ भी अच्छे संबंध हैं। जहां तक अमेरिका से संबंधों का सवाल है तो वह वृहद रणनीतिक साझेदारी है जो पहले कभी इतनी करीबी और मजबूत नहीं थी जैसी आज है।' सुरक्षा परिषद के अध्यक्ष के तौर पर यूक्रेन संकट से निपटने में भारत के रुख के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा-'हम सभी पक्षों से संपर्क जारी रखेंगे।'

## भारत के जी-20 एजेंडा पर आईएमएफ साथ

**वाशिंगटन।** अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने कहा है कि वह भारत के जी-20 एजेंडे का पूरी तरह से समर्थन करता है। आईएमएफ के नीति समीक्षा विभाग की निदेशक सेला पजारबासियोग्लू ने अगले सप्ताह होने वाली भारत और चीन की अपनी यात्रा से पहले संवाददाताओं से कहा- आईएमएफ और भारत अधिक समृद्ध भविष्य के लिए एक सामूहिक एजेंडा एक साथ रख रहे हैं। दोनों वैश्विक संकटों से संबंधित उन मुद्दों पर आम सहमति बनाने की योजना तैयार कर रहे हैं, जिन पर तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता है।

## अफगानिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री गुलबुद्दीन हिकमतयार हमले में बाल-बाल बचे

**काबुल।** अफगानिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री और हिज्ब-ए-इस्लामी पार्टी के नेता गुलबुद्दीन हिकमतयार नमाज के समय हुए आत्मघाती हमले में बाल-बाल बच गए। इस हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। यह हमला काबुल के दारुलामन इलाके में मस्जिद के पास एक इमारत में हुआ। मस्जिद परिसर की सुरक्षा में तैनात सुरक्षा गार्डों ने दो हमलावरों को मार गिराया है। इस मस्जिद में हिकमतयार अपने समर्थकों के साथ नमाज के लिए इकट्ठा हुए थे।

प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा है कि हमलावर बुर्का पहने हुए थे। वह अपने लक्ष्य में कामयाब नहीं हो सके। फिलहाल इस हमले की किसी ने अभी तक जिम्मेदारी नहीं ली है।

## इजरायल-भारत स्वाभाविक सहयोगी: राष्ट्रपति हरजोग

**यरुशलम।** इजरायल के राष्ट्रपति आइजैक हरजोग ने कहा है कि भारत और इजरायल स्वाभाविक सहयोगी हैं। दोनों लोकतांत्रिक आदर्शों के प्रति प्रतिबद्धता से बंधे हैं। राष्ट्रपति हरजोग ने यह टिप्पणी यहां एक प्रदर्शनी में की। इसमें भारतीय देवी- देवताओं की मूर्तियां प्रदर्शित की गई हैं। हरजोग ने इजरायल संग्रहालय में 'बॉडी ऑफ फेथ: स्कल्पचर फ्रॉम द नेशनल म्यूजियम ऑफ इंडिया' प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। उन्होंने प्रदर्शनी को दोनों देशों के बीच बढ़ती दोस्ती का प्रतिफल बताया। उन्होंने कहा-'यह शाम भारतीय लोगों के समृद्ध इतिहास और सांस्कृतिक विरासत को सम्मान देते हुए हमारी साझा मानवता के दृष्टिकोण को सामने लाती है। यह दोनों देशों की कला और संस्कृति का प्रतिबिंब है।' इजराइल संग्रहालय के प्रवक्ता के मुताबिक प्रदर्शनी में चौथी और तेरहवीं शताब्दी के बीच निर्मित 14 भारतीय प्रतिमाएं प्रदर्शित की गई हैं।

इनमें से कुछ नई दिल्ली के राष्ट्रीय संग्रहालय से मंगवाई गई हैं। उधार में ली गई इन प्रतिमाओं को वापस भी किया जाएगा। छह महीने तक चलने वाली इस प्रदर्शनी में अकादमिक वार्ता और भारत के चयनित कलाकारों के विशेष व्याख्यान भी होंगे। इजरायल के राष्ट्रपति ने कहा-'यह कितने सम्मान और खुशी की बात है। मुझे प्रदर्शनी देखने का सौभाग्य मिला और यह अविश्वसनीय है। इस सहयोग से लोगों को उत्कृष्ट मूर्तियों के अवलोकन के साथ ही हिंदू संस्कृति के बारे में बेहतर जानकारी मिल सकेगी। ये उत्कृष्ट कृतियां भारतीय इतिहास में तीन अलग-अलग अवधि की हैं।' हरजोग ने उद्घाटन समारोह को 'संस्कृति, इतिहास और मित्रता की अद्भुत शाम' बताया। इस मौके पर इजरायल में भारत के राजदूत संजीव सिंगला भी मौजूद रहे।

# गूगल सीईओ सुंदर पिचाई पद्म भूषण से सम्मानित, कहा- मेरा एक हिस्सा है भारत

**सैन फ्रांसिस्को।** गूगल और अल्फाबेट के सीईओ सुंदर पिचाई ने कहा है कि भारत मेरा एक हिस्सा है और मैं इसे अपने साथ रखता हूं। भारतीय-अमेरिकी पिचाई को व्यापार और उद्योग श्रेणी में 2022 के लिए पद्म भूषण से सम्मानित किया गया। 50 वर्षीय पिचाई को सैन फ्रांसिस्को में उनके करीबी परिवार के सदस्यों की उपस्थिति में भारत के तीसरे सबसे बड़े नागरिक पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

**भारतीय राजदूत तरणजीत एस संधू ने सौंपा**

इस मौके पर अमेरिका में भारतीय राजदूत तरणजीत एस संधू ने कहा कि गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई को पद्म भूषण सौंपकर खुशी हुई। मदुरै से माउंटेन व्यू तक की उनकी प्रेरणादायक यात्रा, भारत-अमेरिका आर्थिक और तकनीकी को मजबूत करती है। संबंधों, वैश्विक नवाचार में भारतीय प्रतिभा के योगदान की पुष्टि करता है।

**पिचाई बोले, इस अपार सम्मान के लिए भारत के लोगों का आभारी**

पिचाई ने कहा, मैं इस अपार सम्मान के लिए भारत सरकार और भारत के लोगों का बहुत आभारी हूं। भारत मेरा एक हिस्सा है, और मैं गूगल और भारत के बीच महान साझेदारी को जारी रखने की उम्मीद करता हूं, क्योंकि हम प्रौद्योगिकी के लाभ लाने के लिए मिलकर काम करते हैं। पिचाई ने अमेरिका में भारत के राजदूत तरणजीत सिंह संधू से पुरस्कार स्वीकार करते हुए कहा कि भारत मेरा एक हिस्सा है और मैं जहां भी जाता हूं, इसे अपने साथ रखता हूं। मैं सौभाग्यशाली हूं



कि मैं एक ऐसे परिवार में पला-बढ़ा, जिसने सीखने और ज्ञान को संजोया।

पिचाई ने कहा कि तकनीकी बदलाव की तेज गति को देखने के लिए वर्षों में कई बार भारत लौटना आश्चर्यजनक रहा है। भारत में किए गए नवाचार डिजिटल भुगतान से लेकर आवाज प्रौद्योगिकी तक दुनिया भर के लोगों को लाभान्वित कर रहे हैं। पिचाई ने कहा कि व्यवसाय डिजिटल बदलाव के अवसरों को भुना रहे हैं, और पहले से कहीं अधिक लोगों की इंटरनेट तक पहुंच है, जिसमें ग्रामीण गांव भी शामिल हैं। पिचाई ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का डिजिटल इंडिया विजन निश्चित रूप से उस प्रगति के लिए एक उत्प्रेरक रहा है और मुझे गर्व है कि गूगल ने दो परिवर्तनकारी दशकों में सरकारों, व्यवसायों और समुदायों के साथ साझेदारी करते हुए भारत में निवेश करना जारी रखा है।

उन्होंने अपने स्वीकृति भाषण के दौरान कहा, हमारे दरवाजे पर आने वाली हर नई तकनीक ने हमारे जीवन को बेहतर बनाया है। और उस अनुभव ने मुझे गूगल के रास्ते पर और दुनिया भर में लोगों के जीवन को बेहतर बनाने वाली तकनीक बनाने में मदद करने का मौका दिया। मुझे आगे काफी मौके नजर आ रहे हैं।

समारोह के दौरान सैन फ्रांसिस्को में भारत के महावाणिज्यदूत टी वी नागेंद्र प्रसाद भी मौजूद थे। संधू ने कहा कि पिचाई बदलाव के लिए प्रौद्योगिकी की असीम संभावनाओं का प्रतिनिधित्व करते हैं। उन्होंने कहा कि वह दुनिया के विभिन्न हिस्सों में समाज के विभिन्न वर्गों के लिए डिजिटल उपकरण और कौशल को सुलभ बनाने की दिशा में सराहनीय प्रयास कर रहे हैं।

गति, सरलता और सेवा को संयोजित करने वाली तकनीक पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृष्टिकोण को याद करते हुए संधू ने उम्मीद जताई कि गूगल भारत में हो रही डिजिटल क्रांति का पूरा उपयोग करेगा।

इस साल 25 जनवरी को सुंदर पिचाई को भारत सरकार की ओर से पद्म भूषण देने का एलान किया गया था। उन्हें व्यापार और उद्योग के क्षेत्र में योगदान के लिए इस पुरस्कार से सम्मानित करने का फैसला लिया गया था। माइक्रोसॉफ्ट से सीईओ सत्य नडेला को भी इसी क्षेत्र में योगदान के लिए पद्म भूषण देने की घोषणा की गई थी।

# ब्रिटिश पीएम बोले- मैंने रंगभेद सहा:सुनक ने कहा- जो भेदभाव झेला, वैसा किसी के साथ नहीं होने दूंगा

**लंदन।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने बकिंघम पैलेस में रंगभेद के आरोपों पर चुप्पी तोड़ी है। हालांकि उन्होंने सीधे तौर पर इसका जिक्र नहीं किया। सुनक ने कहा कि हमें रंगभेद के खिलाफ आवाज उठानी चाहिए। ऐसे आरोप जहां कहीं भी लगेंगे, उनकी जांच की जानी चाहिए।

भारतीय मूल के सुनक ने कहा- मैंने बचपन में रंगभेद का सामना किया है। उन्होंने कहा- तब और बुरा लगता था, जब छोटे भाई-बहनों के सामने इस तरह का बर्ताव होता था। लेकिन मुझे यह कहते हुए खुशी हो रही है कि बचपन मैंने जो कुछ भी एक्सपीरिएंस किया है, वो एक्सपीरिएंस किसी को आज नहीं होगा। क्योंकि हमारे देश ने रंगभेद से निपटने में काफी प्रगति की है। हालांकि, रंगभेद से निपटने की दिशा में अभी भी बहुत काम बाकी है। ऋषि सुनक ने कहा कि वो रंगभेद के मुद्दे पर कमेंट कर सकते हैं क्योंकि वो खुद इसका शिकार हो चुके हैं।



ऋषि सुनक ने कहा कि वो रंगभेद के मुद्दे पर कमेंट कर सकते हैं क्योंकि वो खुद इसका शिकार हो चुके हैं।

**वो शब्द चुभते थे**

रंगभेद मामलों पर उन्होंने कहा- सिर्फ कुछ शब्द ही कहे जाते थे। लेकिन, वो जितने चुभते थे, उतनी कोई चीज नहीं चुभ सकती। ये लफ्ज आपके कलेजे को छलनी कर देते हैं। एक अल्पसंख्यक समूह होता है। वो हमेशा यह मानकर चलता है कि उनके साथ नस्लभेदी रवैया अपनाया जा रहा है। लेकिन, मैं अपने देश की ऐसी छवि पेश नहीं करना चाहूंगा।

प्रिंस विलियम की गॉड मदर पर लगे रंगभेद के आरोप

1 नवंबर को खबर मिली थी कि ब्रिटेन के बकिंघम पैलस की एक अहम सदस्य को नस्लीय कमेंट करने के कारण इस्तीफा देना पड़ा। रिपोर्ट्स में कहा गया कि कमेंट करने वाली प्रिंस विलियम की गॉड मदर 83 साल की सुजैन हुस्से हैं। उन्होंने एक अश्वेत महिला से बार-बार पूछा की वो अफ्रीका के किस हिस्से से आई है, जबकि महिला पहले ही कई बार बता चुकी थी की वो ब्रिटेन की ही नागरिक है।

मिहल ने जताया था अफसोस

बकिंघम पैलेस में हुई घटना पर पैलेस के स्पोक्सपर्सन ने बयान जारी करते हुए अफसोस जताया था। साथ ही मामले की जांच होने की बात कही गई थी। प्रवक्ता ने कहा- इस तरह के मामलों को बिल्कुल स्वीकार नहीं किया जा सकता है। इस तरह के कमेंट पर हमें खेद है। उन्होंने उस व्यक्ति का नाम नहीं लिया जिसने नस्लीय कमेंट किया था, लेकिन यह जरूर बताया है कि उस सदस्य ने माफी मांगने की इच्छा जाहिर की है और उन्हें इस बात पर अफसोस है कि उनकी कमेंट से किसी को तकलीफ हुई है।

## स्पेन के यूक्रेनी दूतावास में धमाके के बाद दो लैटर बमों से हड़कंप, आतंकी घटना के तौर पर जांच जारी

**मैड्रिड।** स्पेन की पुलिस ने राजधानी मैड्रिड के बाहरी क्षेत्र में स्थित वायुसेना के ठिकाने पर भेजे गए एक लैटर बम का तड़के पता लगाया। यह लैटर बम, यूक्रेन के दूतावास में लैटर बम में हुए धमाके के ठीक बाद मिला है, जिसमें पहले ही एक कर्मचारी घायल हो चुका है। स्पेन के गृह एवं रक्षा मंत्रालयों ने यह जानकारी दी। इस लैटर बम को लेकर यूरोपीय देशों में हड़कंप की स्थिति है।

सरकारी अधिकारियों ने बताया कि विस्फोटकों से युक्त एक और पैकेट उत्तरी स्पेन के जारगोजा शहर की सशस्त्र फैक्टरी में मिला है। इस कारखाने में ग्रेनेड लांचर का निर्माण किया जाता है जिनका निर्यात यूक्रेन को भी किया गया है। पुलिस ने इस लैटर बम में नियंत्रित धमाका कर उन्हें नष्ट कर दिया है। सरकारी अधिकारी ने बताया कि जारागोजा और दूतावास में मिले दोनों लैटर बम पर भेजने वाले का एक ही ई-मेल पता दर्ज है। उन्होंने बताया कि मामले में आगे की जांच की जा रही है।

स्पेन के रक्षा मंत्रालय ने बताया कि वायुसेना ठिकाने पर मिले पैकेट में संदिग्ध वस्तु थी। उन्होंने बताया कि मैड्रिड के पूर्वी हिस्से में स्थित टॉरेंजन डी एरोज बेस पर अतिरिक्त सुरक्षाकर्मियों की तैनाती की गई है। मंत्रालय ने बताया कि इस पैकेट को वायुसेना ठिकाने के उपग्रह केंद्र को भेजा गया था। बता दें इस लैटर बम से दूतावास में बुधवार को उस वक्त धमाका हुआ जब एक कर्मचारी ने राजदूत के नाम से आए पत्र को खोला। हालांकि, इस घटना में घायल कर्मचारी की स्थिति बहुत गंभीर नहीं है, लेकिन इस घटना के बाद दूसरा बम मिलने से हड़कंप है।

अधिकारियों के मुताबिक, मैड्रिड दूतावास में भेजे गए पैकेट में लैटर बम के अलावा जानवरों की आंख भी मिली है, जिन्हें किसी प्रकार के लिक्विड में भिगोया गया था। इसी तरह के मामले यूक्रेन के अन्य दूतावासों से भी सामने आए हैं। हंगरी, नीदरलैंड, पोलैंड, क्रोएशिया और इटली समेत 17 दूतावासों में भी इसी तरह के पार्सल भेजे गए हैं।

**अखंड भारत संदेश**

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**स्वामी श्री योगी सत्यम्**
Title UPHIN 29506

ऑफिस मो.:
9565333000

Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com

सभी विवादों का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा।

## अब ओयो करीब 600 कर्मचारियों की करेगी छंटनी

**नई दिल्ली।** ट्विटर, फेसबुक और अमेजन के बाद यात्रा प्रौद्योगिकी फर्म ओयो ने भी अपने प्रौद्योगिकी और कॉरपोरेट क्षेत्र की टीम से 600 नौकरियों की कटौती करने का निर्णय किया है। इसके साथ ही कंपनी अपनी कई परियोजनाओं को बंद करेगी और टीमों का विलय भी करेगी। कंपनी ने यह जानकारी दी है। कंपनी ने शनिवार को जारी एक बयान में कहा कि ओयो अपने 3,700 कर्मचारियों में से 10 फीसदी की कटौती करेगी। कंपनी के मुताबिक इसमें 250 नए सदस्यों की भर्ती और 600 कर्मचारियों की छंटनी शामिल है।

# परमाणु युद्ध की कगार पर पहुंची रूस-यूक्रेन लड़ाई, चंद घंटों में लाखों मौतों का खतरा

**कीव।** पिछले 10 माह से जारी रूस-यूक्रेन जंग में अब परमाणु हथियारों के इस्तेमाल का खतरा बढ़ गया है। यूक्रेन की सेना का दावा है कि रूस अब परमाणु मिसाइलों के इस्तेमाल की तैयारी में है। जानकारों का कहना है कि यदि परमाणु हमला हुआ तो चंद घंटों में लाखों लोग मारे जाएंगे।

यूक्रेन के रक्षा विशेषज्ञों का कहना है कि जंग के मैदान में ऐसी पूर्व सोवियत मिसाइलें मिली हैं, जिनका इस्तेमाल परमाणु हमलों के लिए किया जाता है। इन विशेषज्ञों ने इन मिसाइलों के टुकड़े भी मीडिया को दिखाए।

**यूक्रेन के दावे से यूरोप की नींद उड़ी**

यूक्रेन के दावे की अभी रूस ने पुष्टि नहीं की है, लेकिन यूरोपीय देशों की नींद उड़ गई है। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार यूक्रेन ने गुरुवार को दावा किया कि रूस ने यूक्रेन पर परमाणु हथियारों में सक्षम मिसाइलों से हमला शुरू कर दिया है। ये



हमले यूक्रेन के पश्चिमी हिस्से में किए गए।

**एक्स 55 क्रूज मिसाइलों का इस्तेमाल**

यूक्रेन के सैन्य अधिकारी माइकोला डेनिल्युक ने पत्रकारों को बताया कि रूस ने लविवि और खमेलनित्स्की इलाकों में परमाणु मिसाइलों का इस्तेमाल किया। उन्होंने मीडिया को एक्स-55 क्रूज मिसाइलों के हिस्से भी दिखाए। उन्होंने कहा कि ये हमले देश की वायु रक्षा प्रणाली को खत्म करने के इरादे से किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन मिसाइलों के टुकड़ों की जांच में रेडियोधर्मिता के परीक्षण में असामान्य स्तर नहीं दिखा। बता दें, रूस और यूक्रेन के युद्ध में दोनों ही पक्ष पिछले कई महीने से ड्रोन विमानों से हमले कर रहे हैं। यूक्रेन को अमेरिका और तुर्की से बेहद घातक कहे जाने वाले ड्रोन विमान मिले हैं।

इन ड्रोन विमानों ने रूस को भी भारी नुकसान पहुंचाया है। इसके बाद रूस ने भी जोरदार पलटवार करने के लिए ईरान की मदद ली है। ईरानी ड्रोन विमानों की मदद से अब रूस ने यूक्रेन के खिलाफ कारगर बढ़त बना ली है। रक्षा विशेषज्ञों का कहना है कि यदि रूस ने परमाणु हमला किया तो अनुमान है कि मात्र पांच घंटे में यूक्रेन के 3.4 करोड़ लोग मारे जाएंगे।